RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 74

टोंक » बुधवार » 15 अक्टूबर, 2025

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com


संपादकीय

### कांग्रेस की पुरानी गलतियां दोहराकर क्या साबित करना चाहते हैं


## चिदंबरम जी यदि ऑपरेशन ब्लू स्टार नहीं होता तो पंजाब कभी का खालिस्तान बन चुका होता ?

## 'ऑपरेशन ब्लू स्टार एक भूल'

## चिदंबरम ने खोले बड़े राज!







**कांग्रेस** के दिग्गज नेता पी. चिदंबरम को आजकल पार्टी ने किनारे कर रखा है। इसलिए वे कांग्रेस की पुरानी गलतियां गिनाने में लगे हैं। सबसे बड़ा मुद्दा उन्होंने इंदिरा गांधी के ऑपरेशन ब्लू स्टार को बनाया है। चिदंबरम का मानना है कि यदि इंदिरा गांधी खालिस्तानियों के समथकों को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार नहीं करती तो सिख सुरक्षाकर्मियों द्वारा उनकी हत्या नहीं की जाती। चिदंबरम जी यदि तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ऑपरेशन ब्लू स्टार करके खालिस्तानियों को स्वर्ण मंदिर और पंजाब के अन्य स्थानों से नहीं खदेड़ती तो पंजाब कभी का खालिस्तान बन गया होता। इंदिरा गांधी ने अपना बलिदान देकर पंजाब को खालिस्तान बनने से बचा लिया। खालिस्तानी आंदोलन फिर पैर पसारने लगा है। कनाडा और ब्रिटेन में खालिस्तानी समर्थक सक्रिय है। जिस प्रकार ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था उसी प्रकार ऑपरेशन ब्लू स्टार भी जरूरी था



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में निर्दोष 26 पर्यटकों की हत्या आतंकियों ने की और उन आतंकी ठिकानों का सफाया करने के लिए भारतीय सेना पाकिस्तान में घुसकर उनके ठिकानों का सफाया किया उसी प्रकार इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जरिए पंजाब के स्वर्ण मंदिर में कब्जा जमाए खालिस्तानी समर्थकों को खदेड़ने का साहस किया। अपनी जान की परवाह किए बिना इस प्रकार के कठोर निर्णय राष्ट्रहित में लिए जाते हैं। चिदंबरम जी कांग्रेस विगत एक दशक से सत्ता से दूर है। कांग्रेस की सत्ता में वापसी कैसे हो इस पर विचार करें। कांग्रेस को पुनः सत्ता में लाने के उपाय बताए, गढ़े मुर्दे उखाड़ने से कांग्रेस का भला नहीं होगा।

चिदंबरम के दोनों खुलासे कांग्रेस को हिलाने वाले हैं। जिन इंदिरा गांधी को कांग्रेस आयरन लेडी और शहीद बता कर राजनीतिक रोटी सेंकती रही है, उनके ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती बता कर कांग्रेस के नेता ने ही यह साबित कर दिया है कि, उनकी हत्या शहादत नहीं है बल्कि एक गलती की सजा जैसा है।

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख नरसंहार के कारण इस समुदाय के बीच कांग्रेस के प्रति राजनीतिक नुकसान बहुत अधिक नहीं देखा गया। पंजाब में कांग्रेस की सरकार इसके बाद कई बार गठित हुई है। अभी भी बिहार, उत्तरप्रदेश से अधिक पंजाब में कांग्रेस का सम्मानजनक जनाधार है। कई सांसद-विधायक हैं। सिख समाज पहले से ही मानता है कि, ऑपरेशन ब्लू स्टार कांग्रेस सरकार की बहुत बड़ी भूल थी लेकिन पहली बार पार्टी नेता ही ने इस गलती को स्वीकार किया है।

चिदंबरम ने यह बोलने का साहस दिखाया है। इसका मतलब है कि राहुल गांधी के साथ उनके रिश्ते खराब हुए हैं। राजनीतिक रूप से चिदंबरम कोई खास प्रभाव नहीं रखते हैं लेकिन एक बौद्धिक लीडर के रूप में उन्होंने अपनी छवि बनाई है। मुंबई हमले को लेकर चिदंबरम ने जो खुलासा किया है वह कांग्रेस की रणनीति को एक्सपोज कर रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस की ओर से सवाल खड़े किए गए। इसे रोके जाने को लेकर राहुल गांधी सहित कांग्रेस की ओर से लगातार आरोप लगाया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में यह ऑपरेशन रोका गया है। विदेश मंत्रालय की ओर से लगातार इस बात का खंडन किया गया, फिर भी कांग्रेस ने इसे स्वीकार नहीं किया। अभी भी राहुल गांधी इसी स्टैंड पर राजनीति कर रहे हैं।

चिदंबरम जो कि मुंबई हमले के बाद गृह मंत्री के रूप में केंद्र की सरकार में काम कर रहे थे, ने यह खुलासा किया है कि उनकी मंशा पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन की थी, इस बारे में बातचीत भी हुई थी लेकिन बाद में फिर विदेशी कूटनीतिक दवाब में इस विचार को त्याग दिया गया।

# आग का गोला बनी बस गाड़ी में सिर्फ लाशें

## बचने के लिए कूदे लोग 20 की मौत

### जैसलमेर से जोधपुर जा रही थी बस, तीन बच्चों समेत 16 यात्री झुलसे



खबरों की दुनिया

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। 20 यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। इनमें 19 की जैसलमेर और 79 साल के हुसैन खां की जोधपुर में मौत हुई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए।

हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 15 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को तीन एंबुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए। जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया।

अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बस में 57 लोग सवार थे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि इस हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। बस में बाकी बची सवारियों की बॉडी है।

#### चलती बस से कूदे लोग

बस में आग लगने के बाद लोग बचने के लिए चलती गाड़ी से कूद गए। झुलसे लोग सड़क के किनारे तड़पते हुए नजर आए।

#### जोधपुर के लिए बनाया ग्रीन कॉरिडोर

देचू थाना पुलिस की ओर से जैसलमेर बस के घायलों को 7-8 एंबुलेंस से जोधपुर रेफर किया गया है। इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है।

हादसे का शिकार हुई बस 5 दिन पहले ही खरीदी गई थी। हादसे में मरने वालों की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। इसके लिए कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की अपील की है।

शवों की पहचान के लिए अहमदाबाद प्लेन क्रेश की तरह प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

#### अधिकांश 70 फीसदी तक झुलसे

जैसलमेर से गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया। वहां महात्मा गांधी हॉस्पिटल में सभी घायलों का इलाज जारी है। दमकल की टीमों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे पहले सेना के अधिकारी व बड़ी संख्या में जवानों तथा सेना की दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के प्रयास किए।घायलों में अधिकांश 70 फीसदी तक झुलसे हुए हैं। मामले में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व सीएम अशोक गहलोत को भी मामले की जानकारी दी हैं। हालांकि जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से अभी तक 16 घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है।

#### सीएम भजनलाल शर्मा ने जताया दुख, हादसे का लिया जायजा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर कहा कि जैसलमेर में बस में लगी आग की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुखद हादसे से प्रभावित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं प्रभावितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।









हादसे की सूचना मिलते ही परिजन जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचे। महिलाएं रोने लगी और अपनों की सेहत की जानकारी लीं।

## जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के वीसी बहाल हाईकोर्ट ने रद्द किया राज्यपाल का आदेश

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने श्रीकर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के वीसी के निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अशोक जैन की अदालत ने यह आदेश डॉ बलराज सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता को राज्यपाल ने उनके रिटायरमेंट से 8 दिन पहले 7 अक्टूबर को निलंबित कर दिया था। वीसी सिंह का कार्यकाल 15 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है।

राज्यपाल के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। इसमें याचिकाकर्ता ने कहा था कि उनके खिलाफ आदेश पारित करने से पहले उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। उन्हें केवल इसलिए निलंबित किया गया है, जिससे वे कुलपति के रूप में पुनर्नियुक्ति के लिए अयोग्य ठहराए जा सकें।

हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता के किसी भी तरह के नीतिगत फैसला लेने पर रोक लगाई है।

## बिहार चुनाव : भाजपा की 71 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी

एजेंसी

**पटना।** बिहार चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 71 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को तारापुर से और विजय सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया है। नंदकिशोर 5 बार से पटना सिटी से जीतते आ रहे हैं। उनकी जगह पर बीजेपी नेता और हाईकोर्ट के वकील रत्नेश कुशवाहा को उतारा है। कुम्हरार से 5 बार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा का भी टिकट कटा है। इनकी जगह संजय गुप्ता को मौका मिला है। संजय पार्टी में प्रदेश महामंत्री भी रह चुके हैं।

लिस्ट में 13 मंत्रियों और 9 महिलाओं के भी नाम हैं। 71 सीटों पर पार्टी के 56 विधायक थे। इनमें से 46 को रिपीट किया है। 10 के टिकट कटे हैं।

71 कैंडिडेट्स की सूची में सवर्ण - 35, एससी-एसटी 06, ओबीसी- 11 और ईबीसी- 19 हैं। इस बार भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

## मंत्री के काफिले की गाड़ी ने बच्चे को कुचला, मौत

### पांच बहनों का इकलौता भाई था, पोते को आखिरी समय तक दुलारती रही दादी

खबरों की दुनिया

**देवली।** टोंक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के काफिले की गाड़ी की टक्कर से 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा जयपुर-कोटा हाईवे पर देवली इलाके में हुआ।

हादसे के बाद पुलिसवालों की बोलेरो भी पलटी खा गई, जिसमें ड्राइवर समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पोते का शव घर पहुंचा तो अंतिम दर्शन के दौरान दादी उसे दुलारती रही। हादसा 12 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे हुआ था। हेड



कॉन्स्टेबल ने बताया- 12 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा से जयपुर जा रहे थे। टोंक बिजली थाने की गाड़ी हनुमान नगर थाने के पास से काफिले में शामिल हुई थी। इस एस्कॉर्ट वाहन में बिजली विभाग का ड्राइवर मनराज गुर्जर, एएसआई मुंशीराम जाट, कॉन्स्टेबल रामदयाल जाट और कॉन्स्टेबल रामदयाल जाट सवार थे। यह गाड़ी ऊर्जा मंत्री की कार के ठीक पीछे थी। देवली थाना क्षेत्र के गोपीपुरा के पास हाईवे पर अचानक एस्कॉर्ट वाहन के सामने हिमांशु धाकड़ (5) पुत्र शिशुपाल धाकड़ आ गया। इससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बच्चे को चपेट में लेते हुए पलट गई। हादसे में बच्चा और एस्कॉर्ट वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए थे।

बच्चे और घायलों को देवली उप जिला अस्पताल लेकर गए थे। बच्चे की हालत गंभीर होने पर पहले कोटा और फिर जयपुर के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया था। जहां सोमवार शाम साढ़े 6 बजे उसकी मौत हो गई। मासूम के पिता ने थाने में एफआईआर दी।

## गैंगस्टर लॉरेंस-रोहित गैंग के सदस्य को अमेरिका में पकड़ा

### चार साल पहले भागा था विदेश, बदमाशों को पैसे-फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराता था

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के एक सक्रिय बदमाश अमित शर्मा को अमेरिका में गिरफ्तार करवाया है। अमित शर्मा लंबे समय से अमेरिका में छिपा हुआ था। एजीटीएफ की टीम बदमाश अमित शर्मा को भारत लाने की प्रक्रिया में जुट गई है। अमित शर्मा विदेश में बैठकर आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाता था। वह गैंग के लिए फाइनेंस का काम देखता था, जिसके तहत वह उगाही की रकम विदेशों में प्राप्त करता था। विभिन्न माध्यमों से गैंग के सदस्यों तक पहुंचाता था। इसके अलावा, वह भारत से विदेश भागने वाले गैंग सदस्यों को शरण दिलाने, उनके लिए पैसे उपलब्ध कराने और फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने का काम भी करता था। गैंगस्टर रोहित गोदारा के भारत से भागने के बाद अमित पंडित ने ही उसके रहने की व्यवस्था की थी। अमित शर्मा साल 2021 में दुबई भाग गया। वहां से डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था।

## दिल्ली की हवा खराब, प्रदूषण रोकने स्टेज-1 के उपाय लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को हवा की गुणवत्ता खराब हो गई। इसके चलते इस मौसम में पहली बार ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के प्रतिबंध लागू किए गए। इसके तहत कंस्ट्रक्शन साइट्स पर धूल को कंट्रोल करने, खुले में कचरा जलाने पर रोक और नियमित रूप से सड़क सफाई जैसे उपाय किए जाते हैं।

मंगलवार को दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 211 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। उधर, देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 प्रतिशत हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढंक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3°C कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है।

### सीईओ पिचाई ने पीएम मोदी से बात की, आंध्र प्रदेश में बनाएगी पहला एआई हब

## भारत में 1.33 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी गूगल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने मंगलवार (14 अक्टूबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। इस बातचीत के दौरान पिचाई ने पीएम मोदी को बताया कि उनकी कंपनी अगले पांच साल में भारत में 15 बिलियन डॉलर यानी लगभग 1.33 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगी। इस बात की जानकारी पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर दी। पिचाई ने पीएम मोदी से बातचीत में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में गूगल के पहले एआई हब का प्लान भी शेयर किया। गूगल ने विशाखापट्टनम में एक बड़ा डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस शुरू करने का ऐलान किया है, जो अमेरिका के बाहर उसका सबसे बड़ा एआई हब होगा।



#### एआई इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और देशभर में विकास को गति देंगे

पिचाई ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह हब गीगावाट-स्केल की कंप्यूटिंग कैपेसिटी, एक नए इंटरनेशनल सबमरीन केबल गेटवे और लार्ज स्केल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़ेगा। उन्होंने कहा, इसके जरिए हम भारत में एंटरप्राइजेज और यूजर्स के लिए अपनी एडवांस टेक्नोलॉजी लाएंगे, एआई इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और देशभर में विकास को गति देंगे। एआई डेटा सेंटर कैंपस के लिए अडाणी ग्रुप से पार्टनरशिप की

गूगल ने इस एआई डेटा सेंटर कैंपस के लिए अडाणी ग्रुप के साथ पार्टनरशिप की है। यह गूगल का भारत में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। कंपनी का कहना है कि यह पहल भारत सरकार के विकसित भारत 2047 विजन को सपोर्ट करेगी, जो एआई-पावर्ड सर्विसेज को बढ़ाने का टारगेट रखता है। दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित एक प्रोग्राम में गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन ने कहा, विशाखापट्टनम का एआई हब भारत के डिजिटल भविष्य में एक माइलस्टोन है। यह बड़े पैमाने पर एआई इंफ्रास्ट्रक्चर अवेलेबल कराएगा, जिससे कारोबार तेजी से इनोवेट कर सकेंगे और ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए नए अवसर बनेंगे

## नरेश मीणा ने अंता उपचुनाव के लिए भरा नामांकन

**अंता।** बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नरेश मीणा ने मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ माता-पिता, पत्नी और बच्चे समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। उन्होंने परिवार के साथ अंता की जनता को दंडवत प्रणाम किया। कहा- इस दंडवत को अंता की जनता अपने चरणों में दंडवत माने और मुझे आशीर्वाद दे। नरेश मीणा ने नामांकन दाखिल करने के बाद अंता बाहर सभा की। जिसमें में पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी मौजूद थे। नरेश मीणा ने नामांकन दाखिल करने के बाद अंता बाहर सभा की। जिसमें में पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी मौजूद थे।सभा के बाद नरेश मीणा ने अंता में रैली निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

दैनिक खबरों की दुनिया

टोंक » बुधवार » 15 अक्टूबर, 2025



खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज आएंगे खाटूश्यामजी

खबरों की दुनिया



**सीकर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज खाटूश्यामजी आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज अजमेर से प्रातः 11 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे खाटूश्यामजी सीकर पहुंचेंगे तथा मंदिर में पूजा-दर्शन करेंगे। विधानसभाध्यक्ष देवनानी खाटूश्यामजी से अपराह्न 3 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा आज आएंगे सीकर

खबरों की दुनिया



**सीकर।** वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा आज सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री शर्मा अलवर से प्रातः 7 बजे प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा राजकीय विज्ञान महाविद्यालय सबलपुरा में मनसुख रणवा मनु स्मृति संस्थान सीकर द्वारा आयोजित मनसुख रणवा स्मृति वाटिका के लोकार्पण व पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रभारी मंत्री संजय शर्मा सीकर से दोपहर 12.15 बजे माछरोली (किशनगढ़बास) के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है : डॉ. दिनेश शर्मा

## जीएसटी में दी गयी प्रधानमंत्री द्वारा छूट वास्तव में दिवाली के पहले नागरिकों को बोनस है

खबरों की दुनिया



**सीकर।** एम.के. ग्रुप ग्लोबल एजुकेशन के 22वें वार्षिक उत्सव 'नई उमंग' में आयोजित युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि 'शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, जिससे हम समाज, राष्ट्र और मानवता को सशक्त बना सकते हैं।'

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 इस केंद्रीय सरकार की दूरदर्शी पहल है, जिसने बच्चों के जीवन में खेल, विज्ञान, संगीत, कला और सृजनात्मकता को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि संस्कार माता-पिता से मिलते हैं, इसलिए हमारी माटी, हमारी बोली और हमारे रीति-रिवाजों को हमेशा याद रखना चाहिए। हमारी संस्कृति जोड़ने की है ,मोतीचूर के लड्डू की भाँति, जिसमें अनेक दाने मिलकर एकता का स्वाद देते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मानसिकता अंग्रेज़ी नहीं, भारतीय होनी चाहिए। हम मोमबत्ती जलाकर अंधकार फैलाने वाली संस्कृति नहीं, बल्कि दीप प्रज्ज्वलित कर ज्ञान और प्रकाश बाँटने वाली परंपरा के वाहक हैं। दर्शन और प्रदर्शन में यही अंतर है।

डॉ. शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुणों को ग्रहण करना चाहिए और मातृशक्ति का सम्मान ही सच्चा संस्कार है। हमारी सभ्यता, परिवेश और संस्कृति का कोई मुकाबला नहीं है- यह हमारी पहचान और हमारी शक्ति दोनों है।

उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को समय दें और उनके साथ स्नेहपूर्वक संवाद करें। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति इस रोडमैप का सबसे मजबूत आधार है। हर घर में स्वदेशी उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा देना ही स्वदेश का सम्मान है। जीएसटी में छूट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण सहायक कदम है।

डॉ. दिनेश शर्मा ने सीकर की हजारों की संख्या में आई जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप वीर भूमि के निवासी हैं।परिवार के बड़े बुजुर्ग का सम्मान हमारी प्रगति के लिये सबसे जरूरी है, हमारे चूल्हे में परिवार का भाव बसता है।बुजुर्ग अपने बच्चों को राजस्थान की वीर भूमि की कहानियाँ सुनाते रहिए। हमारी संस्कृति महान है और आपने उसे अपनी कर्मभूमि से सींचा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी कीड़ा नहीं बनाना चाहिए, उन्हें खेलने,संस्कार, संस्कृति, समाज का अनुभव करने और सीखने का अवसर देना चाहिए। यदि सरकारी स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा और हाई स्कूल-इण्टरमीडिएट का कोर्स हो तो 'कोचिंग की आवश्यकता नहीं होगी, सरकार को प्रशिक्षण देना चाहिए और सेवानिवृत्त अनुभवी लोग सेवा भावना से इसमें योगदान दें।' उत्तर प्रदेश में अभ्युदय कोचिंग एक नया प्रयोग है जिसमें निशुल्क पठन-पाठन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस देश के लिए अभिनव प्रयोग साबित होगा। रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटलेंजेसी, कोडिंग से लेकर कृषि एवं योग तक जोड़कर भारत का गौरव और विश्वगुरु बनने का संकल्प है। उन्होंने बताया की विप्र फाउंडेशन का इस्पेक विंग पूरे विश्व में सनातन के ऋषियों की गाथा, योग ज्योतिष तथा वास्तु के विषय में प्रचार कर रहा है तथा अनेकों देशों में चैप्टर बना चुका है।

कार्यक्रम में भवानी सिंह राठौड़, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओ पी मिश्रा, रतन कुमार अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर, अन्नु शर्मा सहायक निदेशक पर्यटन विभाग, शशिकांत शर्मा आयुक्त नगर परिषद सीकर, हर्षल चौधरी एडिशनल सीएमएचओ सीकर, जगदीश प्रसाद गौड़ सचिव यूआईटी सीकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के चेयरमैन महावीर प्रसाद ढाका ने बताया कि एम. के. मेमोरियल शिक्षण संस्थान सी. सै. स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में संस्थान के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक छठा को बिखेरते हुए अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा राम सिया राम, राजस्थानी घूमर, धरती धोरा री, ऑपरेशन सिंदूर थीम आदि नृत्यों पर शानदार प्रस्तुतियां दी गई। महाराणा प्रताप ड्रामा ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अतिथि का स्वागत सत्कार संस्था के चेयरमैन महावीर प्रसाद ढाका, सहनिदेशक इंजि. मनीष ढाका व सदस्य आंचल चौधरी ने किया। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रधानाचार्य संगीता शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने संस्थान के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 12वीं बोर्ड परीक्षा में रिद्धिमा शर्मा 97.60%, हिमांशु शर्मा 96.80%, रायना चौहान 96.00%, सुहानी माथुर 95.60%, हिना शर्मा 95.00% एवं दसवीं बोर्ड परीक्षा में अनुष्या मंडीवाल 97.50%, अक्षिता बराला 96.83% को लैपटॉप प्रदान किए गए। साथ ही बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय शर्मा, प्रधानाचार्य आशा शर्मा, अकादमी प्रमुख नेहा वर्मा एवं समस्त स्टाफ के सदस्य सहित शहर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यवसायी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक जलधारी का जताया आभार



खबरों की दुनिया

**सीकर।** पूर्व विधायक रतन लाल जलधारी द्वारा नगर परिषद सीकर से वैष्णो कॉलोनी जगदंबा कॉलोनी न्यू इंदिरा कॉलोनी व जगदीश स्वामी के मकान से शिव मुक्तिधाम तक डेढ़ करोड़ रुपए सड़क नाली निर्माण के लिए स्वीकृत करवाने पर गुलदस्ता देकर सम्मान कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद मुकेश नायक, राहुल बिल्खीवाल, गौरव दिक्षित, पूर्व पार्षद नरेश सैन, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री हीरालाल सैनी, पंकज कुमावत, आशीष जैन उपस्थित रहे।

# शहरी सेवा शिविर में आमजन हो रहे लाभांवित

खबरों की दुनिया



**खाटूश्यामजी।** कस्बे में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 17 सितम्बर से जारी शहरी सेवा शिविर में आमजन बड़ी संख्या में लाभांवित हो रहे हैं। नगर पालिका के सभा भवन में आयोजित इस शिविर में नगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। शिविर प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। अब तक एक हजार से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। शिविर प्रभारी गहलोत ने बताया कि 69 क में 200 पत्रावली एवं कृषि भूमि में 50 पत्रावलियां प्राप्त हुए हैं जिनमें 22 पट्टे जारी किए गए हैं, जन्म-मृत्यु पंजीकरण में 35 प्रमाण पत्र जारी किए हैं, जलदाय विभाग द्वारा 20 प्रकरणों का निस्तारण, विद्युत विभाग द्वारा 170 प्रकरणों का निस्तारण कर पीएमश्री सौर ऊर्जा के तहत 40 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, चिकित्सा विभाग द्वारा 426 लोगों की जांच की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से 80 लोगों को राहत प्रदान की गई।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा रोड़ पेचवर्क, नालियों की मरम्मत, फेरों कंवर पीएम आवास योजना सहित प्रधानमंत्री सवनिधि योजना, विवाह पंजीकरण संबंधित कार्यों का समाधान किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि शिविर के माध्यम से नागरिकों को घर-द्वार पर शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना ही मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक विरेन्द्र सिंह चंदेलिया, विजयपाल सिंह बाजिया, सुरेंद्र कुड़ी सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 1 साल से फरार लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार, शादी रचा कर 11 लाख ठगे

खबरों की दुनिया



**सीकर।** दांतारामगढ़ पुलिस ने एक साल से फरार चल रही लुटेरी दुल्हन काजल को गुड़गांव से गिरफ्तार किया है। उस पर शादी रचाकर 11 लाख रुपए की ठगी करने और गहने लेकर फरार होने का आरोप है। यह मामला एक साल पुराना है।

पीड़ित ताराचंद जाट ने 26 नवंबर 2024 को मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि भगत सिंह नामक व्यक्ति ने अपने बेटों की शादी अपनी दो बेटियोंसरोज, एक दुल्हन तमन्ना और भाई सूरज को गिरफ्तार कर लिया था। दूसरी लुटेरी दुल्हन काजल पिछले एक साल से फरार चल रही थी और लगातार अपने ठिकाने बदल रही थी। दांतारामगढ़ एसएचओ जयसिंह बसेरा के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना से काजल की लोकेशन ट्रेस की। गुड़गांव के सेक्टर 17 में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि लुटेरी दुल्हनों का पिता भगत सिंह लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए अपनी दोनों बेटियों की शादी या सगाई करवाता था। वह उनसे पैसे लेता था और फिर अपनी बेटियों के साथ फरार हो जाता था। से कराने की बात कही थी।

शादी से पहले भगत सिंह ने विवाह की तैयारियों के नाम पर ताराचंद से 11 लाख रुपए लिए। 21 मई 2024 को खाचरियावास के गोविंद हॉस्पिटल के ऊपर गेस्ट हाउस में भगत सिंह ने अपनी बेटियों काजल और तमन्ना की शादी ताराचंद के बेटों भंवर लाल और शंकर लाल से करवा दी। शादी के दो दिन बाद दोनों दुल्हनें, उनके माता-पिता और भाई बिना बताए पहने हुए गहने और कपड़े लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई पूरणमल को सौंपी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पहले ही लुटेरी दुल्हनों के पिता भगत सिंह, उनकी पत्नी सरोज, एक दुल्हन तमन्ना और भाई सूरज को गिरफ्तार कर लिया था।

दूसरी लुटेरी दुल्हन काजल पिछले एक साल से फरार चल रही थी और लगातार अपने ठिकाने बदल रही थी। दांतारामगढ़ एसएचओ जयसिंह बसेरा के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना से काजल की लोकेशन ट्रेस की।

गुड़गांव के सेक्टर 17 में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि लुटेरी दुल्हनों का पिता भगत सिंह लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए अपनी दोनों बेटियों की शादी या सगाई करवाता था। वह उनसे पैसे लेता था और फिर अपनी बेटियों के साथ फरार हो जाता था।

## सिंधी समाज की मातृशक्ति ने मनाया बाबा बुढ़ा पर्व



खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर के शेखपुरा मोहल्ला स्थित सिंधी कॉलोनी में श्रीझूलेलाल साईं के मंदिर में मंगलवार को सिंधी समाज की मातृशक्ति ने बाबा बुढा पर्व का त्यौहार बड़े उत्साह से मनाया।

सिंधी समाज की की महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया की सभी मातृशक्ति मिस्सी रोटी, दही, प्याज, लड्डू, मिठाई थाली मे सजाकर मंदिर में अपने सर के ऊपर रख कर लेकर आती हैं और गुरु नानक देव, बाबा बूढा की कथा सुनती हैं। सभी वही बैठकर प्रसाद ग्रहण करती हैं, बाबा बूढा पांच साल का बालक था जो रोज गुरुनानक देव की कथा सुनने को उनके दरबार जाता था, इसी से प्रसन्न होकर गुरु नानक देवजी ने आशीर्वाद देकर पांच साल के बालक को बाबा बुढा का रूप दे दिया। उसी दिन से सिंधी समाज की मातृशक्ति यही पर्व बड़े धूमधाम से मनाती आ रही है। कथा का प्रसंग कोसी लखानी, सीता हरजानी, ने सुनाया मंदिर के सेवादार दौलत मघनानी, ज्या मघनानी प्रसाद की व्यवस्था संभालते हैं और इसी के साथ सिंधी समाज की सभी मातृशक्ति उपस्थित रहती है।

## गाय को गाड़ी से बांधकर घसीटने के 2 आरोपी गिरफ्तार



खबरों की दुनिया

**सीकर।** गाय को गाड़ी से बांधकर घसीटने के मामले में दो आरोपियों को सीकर की दादिया थाना पुलिस ने आज मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। दादिया थाना एसएचओ बुद्धिप्रसाद ने बताया कि मामले में आरोपी चैनसिंह (43) निवासी जेरठी और कपिल देव जाखड़ (30) निवासी जेरठी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी घटना के बाद नागौर की तरफ फरार हो गए थे। वे मंगलवार को लक्ष्मणगढ़ में खूड़ी एरिया में आए थे। यहां से भी वे फरार होने की फिराक में थे। टीम ने दोनों को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पिकअप गाड़ी के पीछे बांधकर 4 किलोमीटर तक गांव में घसीटा था आरोपियों ने पुलिस थाने पर विजय सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि 13 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे चैनसिंह और उसके 5-7 साथियों ने गाय को पिकअप गाड़ी से बांधा। इसके बाद 3 से 4 किलोमीटर तक गांव में गाड़ी के पीछे-पीछे भगाते हुए घसीटा। घटना में गाय के पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद आरोपी गाय को घसीटते रहे।गांव के लोगों ने उन्हें ऐसा करने से रोका भी, इसके बावजूद भी वे नहीं रुके। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ऐसे में मुकदमा दर्ज करके दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में शामिल पिकअप गाड़ी भी जब्त की जा चुकी है।

## टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 की ब्लॉक स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

खबरों की दुनिया



**लक्ष्मनगढ़।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत परिचर्चा करते हुए महत्व पूर्ण निर्देश देते हुए उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने पुलिस विभाग, राजस्व, स्थानीय निकाय विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य विभाग के प्राधिकृत अधिकारियों को कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वालों के चालान काटने, आमजन को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने, सभी सरकारी संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत मुख्यालयों को तम्बाकू मुक्त रखने व 100 गज में तम्बाकू उत्पाद विक्रय के निषेध नियम की पालना एवं सभी ग्रामपंचायतों को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तंबाकू मुक्त ग्रामपंचायत घोषित करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

## आरोपी की निशानदेही पर लूटी गई अर्टिगा गाड़ी को किया बरामद



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** सदर थाना अंतर्गत 9 अक्टूबर को लामिया के पास पीड़ित नेमीचंद के साथ मारपीट कर नगदी व अर्टिगा गाड़ी लूट के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर अर्टिगा गाड़ी को जब्त किया गया।

थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि पुलिस ने आरोपी महेंद्र कुमार मीणा पुत्र श्रवण लाल व अजय पाल सिंह शेखावत पुत्र सुमेर सिंह शेखावत निवासी नानदरी प्रतापपुरा पुलिस थाना रेनवाल व विजयपाल मीणा पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी सिंगपुरी थाना फुलेरा को पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया गया था और आरोपियों की पूछताछ के बाद निशानदेही पर अर्टिगा गाड़ी को भी बरामद किया गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) सीकर की प्रथम जिला बैठक सम्पन्न

### संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा

खबरों की दुनिया



**सीकर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय), सीकर की नवगठित जिला कार्यकारिणी की प्रथम जिला बैठक गोपाल फोगावट स्मृति प्रन्यास भवन, जिला कार्यालय सीकर में उत्साह और आत्मीयता के साथ सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह ने की, जबकि मंडल उपाध्यक्ष राजवीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती एवं श्रद्धेय जयदेव जी पाठक के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राजवीर ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण का सच्चा आधार स्तंभ है। संगठन को सेवा, समर्पण और सजगता के भाव से आगे बढ़ाना ही शिक्षक का परम कर्तव्य है।'

जिला शैक्षिक सम्मेलन के संयोजक नरपतसिंह ने सम्मेलन का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह ने संगठन की एकजुटता, अनुशासन और कार्यकुशलता पर बल देते हुए कहा कि 'संगठन की मजबूती उपशाखाओं की सक्रियता और सहभागिता से ही संभव है।' उन्होंने सभी उपशाखा पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित बैठकें आयोजित करने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में प्रमुख रूप से उपशाखा एवं जिला निर्वाचन की समीक्षा, शिक्षक संदेश सूची का अद्यतन, महिला विचार गोष्ठी की योजना, 'हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान' प्रकल्प की समीक्षा, जिला अभ्यास वर्ग की तैयारी तथा प्रदेश सम्मेलन हेतु अनुमानित संख्या निर्धारण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला मंत्री रामलाल ने सभी उपशाखाओं से आवश्यक सूचनाएं, एक्सेल शीट एवं बैठक विवरण शीघ्र जिला कार्यालय में भिजवाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त जिला मंत्री सनत कुमार शर्मा ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन जिला मंत्री रामलाल ने किया। बैठक में संभाग संगठन मंत्री श्यामलाल स्वामी, विभाग संगठन मंत्री सुरेश कुमार, जिला सभाध्यक्ष श्रवण सिंह सहित जिला कार्यकारिणी सदस्य, उपशाखा अध्यक्ष-मंत्री, महिला मंत्री एवं सभी दायित्ववान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

# बैरवा समाज की बेटियों ने अपने पिता की पगड़ी बांधकर निभाई जिम्मेदारी, समाज के लिए प्रेरणा



खबरों की दुनिया

**निवाई।** गांव भांवती निवासी रामजीवन बैरवा की पुत्रवधुओं एवं एमपी के बड़ोदिया परिवार की दो बेटियां आकांक्षा व निधि बड़ोदिया ने अपने पिता महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी स्व. दिलीप बड़ोदिया निवासी उज्जैन मध्य प्रदेश की पगड़ी अपने सिर पर बांधकर जिम्मेदारी निभाई है। जो समाज के लिए प्रेरणादायी है।

चैनपुरा प्रशासक मदन मीणा व सुदामा जाट भांवती ने बताया कि आकांक्षा व निधि बड़ोदिया के भाई नहीं होने के कारण दोनों बेटियों ने पगडी की दस्तूर निभाई है। पगडी दस्तूर के दौरान बैरवा समाज एवं बड़ोदिया परिवार के कई लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि आकांक्षा व निधि बड़ोदिया गांव भांवती की पुत्र वधु हैं।

# टोंक में 7.50 करोड़ रूपये की राशि से होंगे क्षतिग्रस्त सड़कों के स्थायी मरम्मत कार्य

खबरों की दुनिया

**टोंक।** वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई टोंक विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए 752 लाख रूपये की राशि से स्थायी मरम्मत कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा टोंक की मोलाईपुरा से सोलंगपुरा सड़क के लिए 45 लाख रूपये, चिरोंज-मण्डावर सड़क से हथौना के लिए 45 लाख रूपये, फरासिया से सण्डिला ढाणी वाया हकीमपुरा सड़क के लिए 7 लाख रूपये, सांखना से वजीरपुरा सड़क के लिए 25 लाख रूपये, लाम्बा से सोनवा वाया छापरिया सड़क के लिए 45 लाख रूपये, नवाबपुरा से अमीनपुरा सड़क के लिए 35 लाख रूपये, बासेड़ा से बनेड़िया बुर्जुग के लिए 90 लाख रूपये, मण्डा से बाहेड़ा सड़क के लिए 80 लाख रूपये, ए./आर. बरवास से छान बाससूर्या के लिए 185 लाख रूपये, गणेती से गाणोली के लिए 95 लाख रूपये, सांखना से भंवरखो सड़क के लिए 20 लाख रूपये तथा मेहन्दवास से अमीनपुरा सड़क के लिए 80 लाख रूपये की राशि से स्थायी मरम्मत कार्यो की स्वीकृति जारी की गई है।

# आज 3 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

खबरों की दुनिया

**निवाई।** आज विद्युत लाइन का रख रखाव किया जाएगा। इसको लेकर 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

कनिष्ठ अभियंता शहर द्वितीय लकी गोठवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 7:30 से 10:30 तक एफसीआई गोदाम, हनुमान नगर, जमात, एमडीएस स्कूल के आसपास, विकास कॉलोनी, शिवमंगल गार्डन के आसपास के क्षेत्र, नगर पालिका कार्यालय के आसपास का क्षेत्र, इंदिरा कॉलोनी 80 फीट रोड, बापू नगर, पटेल रोड, मालियों का मोहल्ला, कीर कॉलोनी व दशहरा मैदान क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का दौरा कल

## किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा

खबरों की दुनिया

**निवाई।** किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का 16 अक्टूबर को किसानों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट 16 अक्टूबर को भीलवाड़ा का दौरा करेंगे। जिसको लेकर ग्राम पंचायत मूंडिया एवं चैनपुरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट का सैंकड़ों किसानों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस दौरान किसानों की कई समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

# खाद्य वस्तुओं से सैम्पल लेकर भेजे जयपुर, व्यापारियों को शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री बेचने के लिए किया पाबंद



खबरों की दुनिया

**सीकर।** खाद्य वस्तुओं में मिलावट करने वालों पर लगाम कसने के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी शुभमंगला व सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नीमकाथाना क्षेत्र में कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि आमजन को दीपावली पर्व पर शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए विभाग की ओर से विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत मंगलवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा ने नीमकाथाना क्षेत्र के खेतडी मोड व कपिल मंडी क्षेत्र में खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। वहीं एफएसओ महमूद ली ने सीकर शहर में कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने रिफाइण्ड पॉम ऑयल, मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर, घी, मावा, रसगुल्ला, मावा पेड़ा, बेसन बूंदी लड्डू, नमकीन के 18 सैम्पल लिए। सभी खाद्य सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खाद्य वस्तुओं के व्यापारियों को साफ सफाई रखने, मांग से अधिक खाद्य पदार्थ नहीं बनाने तथा आमजन को शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए पाबंद किया।

# अगर श्रावक इन दिनों में भी प्रमाद का छाता लगा कर रखें तो वह सूखा का सूखा ही रह जाये : आचार्य वर्धमान सागर

खबरों की दुनिया







**टोंक।** आचार्य के सानिध्य में श्रीशांतिनाथ जिनालय तख्ता मंदिर में भव्य पंचामृत अभिषेक हुआ। आचार्य के दर्शन हेतु प्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य पंडित श्री धर्म चंद जी शास्त्री अष्टापद तीर्थ पधारे। आचार्य एवं संघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

वर्षायोग में श्रमण और श्रावक समाज नदी के तटों का चार माह के लिये अपूर्व संगम होता हैं। समुद्र सिन्धु है- नदी रूपी विन्दुओं के योग से यदि एक बिन्दु सिन्धु से पृथक जाती है तो सूर्य उसे सुखा देता है। साधु से कट कर रहने वाला समाज और समाज से कटकर रहने वाला साधु दोनों सूख जायेंगे। चातुर्मास दो तटों-दो पटरियों को मिलाने वाला अभूतपूर्व दीर्घकालीन त्यौहार है। रथ दो पहियों से चलता है। उसी प्रकार धर्मरूपी रथ साधु और समाज रूपी पहियों से चलता है, नजदीक से साधु-समाज को आपस में विचारों, आचारों का आदान-प्रदान करने का दीर्घकालीन समय वर्षायोग में मिलता है। रथ में दो पहियों को जोड़ने वाली धुरी (एक्सल) होता है धुरी वर्षायोग के रूप में श्रावक व श्रमण को प्राप्त होती है। साधु के लिए कहा है बहता पानी-रमता योगी स्वच्छ होता है, लेकिन वर्षाकाल के चार माह में आगम की आज्ञा हैं सन्त विहार न करें, एक जगह रह कर विशेष तप साधना ध्यान-ज्ञान आराधन करें। श्रावक भी चार माह वर्षा में विवाह आदि मांगलिक कार्यों से निवृत्त रहता है, व्यापार-व्यवसाय भी मंद होता है। अतः उसे भी सन्त समागम से अपने जीवन में सदाचार, नैतिकता, धर्माचरण, स्वाध्याय आदि करने का विशेष अवसर प्राप्त होता है।वर्षाकाल में पानी बरसता है और वर्षायोग में साधु-सन्तों के द्वारा धर्मामृत भी बरसता हैं अगर श्रावक इन दिनों में भी प्रमाद का छाता लगा कर रखें तो वह सूखा का सूखा ही रह जाये। अतः वर्षायोग में धर्मामृत से भीगें डरकर भागें नहीं। यह मंगल देशना आचार्य वर्धमान सागर ने धर्म सभा में दी। राजेश पंचोलिया के अनुसार सनातन परम्परा है कि साधु सन्त जीवों की रक्षा के लिए संयम की पालना के लिए वर्षायोग में एक स्थान पर रहते हैं वर्तमान युग में मन्दिर, धर्मशाला, सन्तभवन आदि में रहकर आत्म साधना करते हैं, श्रावक समाज, साधु संतों की आहार, विहार-निहारादि की व्यवस्था करते हैं।

आहारदान वैय्यावृत्ति करने का दीर्घ कालीन अवसर प्राप्त होता हैं। किसान को अच्छी फसल उगाने के लिए 4 माह होते हैं, यदि वह इन चार माह में चूक गया तो वर्ष भर उसे कुछ प्राप्त नहीं होता है। इसी प्रकार श्रावक को त्याग तपस्या और सेवा के लिए 4 माह होते हैं यदि वह इन चार माह में चूक जाये तो उसके पश्चात कुछ भी हाथ नहीं लगता। 4 माह अमृत वर्षा होती रही, किन्तु आप भौतिकता अज्ञान असंयम की छतरी लगाकर बैठे रहे तो चातुर्मास का कुछ भी फल प्राप्त होने वाला नहीं है। आगम की आज्ञा से बंधे हुए साधु जन चातुर्मास विधि के अनुसार स्थापना करते हैं। चार माह में समाधि, असमाधि का कारण, असंयम की संभावना देख कर चारों दिशाओं में आने जाने की सीमा करते हैं। श्रावकों में धर्म जाग्रति के अनेक स्चनात्मक, धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। स्वाध्याय के प्रति रुचि उत्पन्न कराते हैं। कार्तिक की अमावस्या में प्रथम प्रहर प्रत्युष काल में वर्षायोग निष्ठान उपवास पूर्वक करते हैं। चातुर्मास आषाढ़ माह के अन्तिम दिन से प्रारम्भ होकर कार्तिक माह की अमावस्या तक चलने वाले वर्षायोग के ये महिने हमें संकेत देते हैं कि हम आषाढ़ माह में धर्म रूपी बाढ़ लगाकर जीवन रूपी कल्पवृक्ष की सुरक्षा करें। सावन में संयम की साबुन से मन को परम पावन बनाये। भादों में भक्ति के भावों से भगवान की भ्रदता पायें। आसोज में आलस्य को छोड़कर आत्म तत्त्व को जानें और कार्तिक माह में कर्मठता पूर्वक कर्तव्यों का निर्वाह करें। ऐसा करने से ही चातुर्मास के ये चार महीने हमारे लिए चतुर हितकर मास बन सकते हैं अन्यथा हमारी नासमझी के कारण यह चार महीने आलस और असंयम में गुजर कर जीवन को व्यर्थ और बेकार भी कर सकते हैं वर्षायोग धर्म ज्ञान का सीजन है अतः इस सीजन का रीजन समझ कर भूले हुई धर्म का रिवीजन करें और सच्चे मार्ग पर चलने का डिसीजन लेकर अपनी पोजीशन बनावे।

समाज के प्रवक्ता पवन कंटान ओर विकास जागीरदार ने बताया की भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याण पर्व पर 21 अक्टूबर को प्रातः काल 8:00 बजे निर्वाण लड्डूआचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में चढ़ाया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टोंक में कार्यवाही, 100 किलो मावा बर्फी व 50 किलो मावा

## 115 किलो मिल्क पाउडर जैसे पावडर को किया नष्ट

खबरों की दुनिया





**टोंक।** दीपावली के त्योहार को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने टोंक शहर में संचालित श्रीराम मिष्ठान भंडार काफिला बाजार टोंक के कारखाने पर छापा मारा।

श्रीराम प्रजापत मिल्क पाउडर जैसे पावडर से मावा व मावा बर्फी बनाते हुए पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि फर्म से मावा, मावा बर्फी व मिल्क पाउडर जैसे पावडर का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया तथा मावा बर्फी लगभग 100 किलो व मावा 50 किलो व मिल्क पाउडर जैसे पावडर लगभग 115 किलो प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने तथा गलत तरीके से बनाए जाने के कारण मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

साथ ही प्रतिष्ठान मालिक को एफएसए एक्ट के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया। इसी के साथ टीम ने एवन मिष्ठान भंडार से मीठा मावा व रसगुल्ला का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया। अभियान लगातार जारी रहेगा जिले के सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को निर्देश दिए गये कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ का विकय करने के आदेश दिए तथा अशुद्ध खाद्य पदार्थों का विकय नहीं करे। ताकि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके। कार्यवाही के दौरान टीम में रामेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र सैनी, जितेंद्र आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पायलट आज आएंगे टोंक

खबरों की दुनिया

**टोंक।** एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, टोंक विधायक सचिन पायलट आज टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे।

कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि सचिन पायलट शाम साढ़े चार बजे अंबेडकर स्टेडियम टोंक में इंडोर स्टेडियम एवं रनिंग ट्रेक का उद्घाटन करेंगे। पायलट इसी दिन कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विवेक विद्या निकेतन स्कूल के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

खबरों की दुनिया



**टोंक।** विवेक विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आदर्श नगर टोंक के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 17 वर्ष वर्ग में महेंद्र चोपड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बेस्ट प्लेयर का खिताब भी प्रदान किया गया। वहीं 19 वर्ष वर्ग में खुशीराम यादव ने अपनी शानदार दौड़ क्षमता का परिचय देते हुए 1500 मीटर और 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक प्रदीप शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# सहकार सदस्यता अभियान कार्यक्रम





खबरों की दुनिया

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी मेहंदवास मंडल अध्यक्ष व क्रय विक्रय सहकारी समिति टोंक उपाध्यक्ष नन्दलाल छान ने सांखना में सहकार सदस्यता अभियान में भाग लिया।

नन्दलाल छान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता के क्षेत्र को और अधिक व्यापक बनाने तथा देश की अर्थव्यवस्था में मजबूत कड़ी के रूप में विकसित करने के लिए केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विभिन्न नई योजनाओं से सहकारिता के क्षेत्र में नई गति आई है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारिता से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है।

इस अवसर पर सहकारी समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष मुक्लेश मीणा, पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति कालू गुर्जर, सहकारी समिति व्यवस्थापक मुश्ताक, पिंटू सिंह नरेश शर्मा, अशोक साहू, बूथ अध्यक्ष प्रभु लाल मीणा, त्रिलोक योगी सहित अन्य मौजूद रहे।

# कल्याण किसान सेवा समिति की आम सभा की हुई बैठक



खबरों की दुनिया

**मालपुरा।** कल्याण किसान सेवा समिति की आमसभा की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में विजयवर्गीय सेवा सदन मालपुरा में आयोजित की गई। बैठक में 80 गांवो के ग्राम विकास समिति अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में पशुओं के लिए चारा, बीसलपुर पेयजल, रोड, बिजली, ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन संसाधन की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक मे इस वर्ष अतिवृष्टि के होने से पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे चारा की महंगाई होने के कारण से पशुओं के लिए चारा उपलब्ध नहीं हो पा रहा एवं कई पशु भूखे प्यासे रोड पर घूम रहे हैं।

पूर्व महासंघ अध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने बताया कि संगठनों को अपने ग्राम स्तरीय मुद्दों की पहचान कर उनका प्रस्ताव किसान सेवा समिति तक पहुंचाएं ताकि उनका समाधान करवाया जाए।

शाखा प्रभारी प्रहलाद जाट ने गोपालक योजना पर जानकारी देते हुए बताया कि कोऑपरेटिव बैंक द्वारा किसानों को गोपालन पर 1 लाख तक का बिना ब्याज ऋण दिया जाता है जिसका हमें लाभ लेना चाहिए। बैठक में ग्राम विकास समिति अध्यक्षों द्वारा लाम्बाहरिसिंह, पचेवर, लावा, डिग्गी एवं मालपुरा में सरकारी चारा डिपो खोलने हेतु उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। बैठक में संस्था से मोहनलाल मीणा, सुमन वैष्णव एवं ममता यादव ने भाग लिया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास एवं सेवा समिति की बैठक कल

खबरों की दुनिया

**मालपुरा।** महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास एवं सेवा समिति की अति आवश्यक बैठक 16 अक्टूबर गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास एवं सेवा समिति तहसील (मालपुरा) के महामंत्री खेमराज माली (खुवाल) ने बताया कि छात्रावास (नक्शे) के अनुसार निर्माण कार्य का ठेका देकर कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ करने पर विचार विमर्श कर अंतिम रूप दिया जाएगा, साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा कर तारीख तय की जाएगी। अतः समाज बंधुओं पंच-पटेल एवं कार्यकारिणी सदस्यों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर इस मिटिंग को सफल बनाएं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जगदीश प्रसाद सैनी (भास्कर) ने दी। यह मिटिंग समिति अध्यक्ष अम्बालाल माली (घाटी रोड़) मालपुरा के निजी निवास स्थान पर रखी गई है।


## कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांकः–न.पा.नि. /निर्माण/2025–26/9898 दिनांकः– 09.10.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :– 32/2025–2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | NIB Code:- DLB2526A7040 (कुल 05 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2526WSOB21272, 73, 74, 75, 76 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs 149.76 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 13.10.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 13.10.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 27.10.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 28.10.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई
राज.संवाद/सी/25/12078

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

## डॉ. कलाम - वह प्रकाश, जो युवा पीढ़ी को दिशा देता है

# एक महान वैज्ञानिक, एक प्रेरक शिक्षक, एक जीवन दर्शन

## कलाम जी की विरासत: पढ़ाई से प्रेरणा, ज्ञान से शक्ति



**प्रो. आरके जैन**
लेखक

आकाश की अनंत ऊँचाइयों को छूने का साहस, ज्ञान की अथाह गहराइयों में उतरने की जिज्ञासा और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा - यही थे डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, भारत के 'मिसाइल मैन' और 'जनता के राष्ट्रपति'। 15 अक्टूबर, उनकी जयंती, महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक प्रेरणा का उत्सव है, जो हमें उनके आदर्शों, सपनों और ज्ञान की अमर विरासत से जोड़ता है। महाराष्ट्र सरकार ने इस दिन को 'रीडिंग इंस्पिरेशन डे' घोषित किया है, ताकि उनकी पुस्तक प्रेम और ज्ञान की भूख की भावना नई पीढ़ी में जागे। यह पहल एक आयोजन से कहीं बढ़कर है - यह एक संदेश है कि पढ़ाई वह शक्ति है, जो सपनों को उड़ान देती है और राष्ट्र को नई दिशा।

डॉ. कलाम का जीवन एक प्रेरक गाथा है, जो साधारण शुरुआत से असाधारण उपलब्धियों का प्रतीक है। रामेश्वरम के एक साधारण परिवार में जन्मे, जहाँ उनके पिता नाविक और माँ गृहिणी थीं, संसाधनों की कमी ने कभी उनके सपनों को बंधन में नहीं बाँधा। बचपन में अखबार बाँटने से लेकर भारत के मिसाइल और अंतरिक्ष कार्यक्रमों का नेतृत्व करने तक, उनका सफर दर्शाता है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत हर बाधा को परास्त कर सकती है। उनकी कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो परिस्थितियों के सामने हार मान लेता है।

डॉ. कलाम का नाम भारत के वैज्ञानिक इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। इसरो और डीआरडीओ में उनके योगदान ने भारत को स्वदेशी मिसाइल प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाई। अग्नि, पृथ्वी और त्रिशूल जैसी मिसाइलों के विकास में उनकी भूमिका ने भारत को आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनाया। लेकिन उनकी महानता केवल तकनीकी उपलब्धियों तक सीमित नहीं थी। वे एक दूरदर्शी विचारक, लेखक और शिक्षक थे, जिनके लिए ज्ञान जीवन का आधार था। उनका विश्वास था कि पुस्तकें न केवल जानकारी देती हैं, बल्कि सृजनात्मकता, नैतिकता और जीवन के गहन दर्शन का द्वार खोलती हैं। उनका कथन, 'सपने वो नहीं जो सोते वक्त देखे जाते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने न दें,' आज भी लाखों युवाओं को प्रेरित करता है।

'रीडिंग इंस्पिरेशन डे' के रूप में उनकी जयंती मनाना एक दूरदर्शी कदम है। यह दिन केवल पुस्तकों की ओर ध्यान खींचने का अवसर नहीं, बल्कि युवाओं में जिज्ञासा, अनुशासन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करने का आह्वान है। डॉ. कलाम का जीवन सिखाता है कि पढ़ाई केवल डिग्री या नौकरी का साधन नहीं, बल्कि जीवन को समृद्ध करने और समाज को बदलने का उपकरण है। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में इस दिन उनकी पुस्तकों जैसे विंग्स ऑफ फायर और इग्नाइटेड माइंड्स के साथ-साथ उनके भाषणों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया जाता है। यह आयोजन बच्चों को समय प्रबंधन, निरंतर सीखने की आदत और नैतिकता का महत्व सिखाकर एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है।

डॉ. कलाम का जीवन अनुशासन और जिज्ञासा का अनुपम उदाहरण है। व्यस्त जीवन में भी वे सुबह जल्दी उठकर ध्यान करते, विचारों को कलमबद्ध करते और पुस्तकों में खो जाते। उनका विश्वास था कि छोटे-छोटे कदम, यदि सही दिशा में उठें, तो बड़े बदलाव लाते हैं। आज के युवाओं के लिए, जो त्वरित सफलता की चाह में धैर्य खो देते हैं, उनका यह संदेश अमूल्य है: सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं; यह कठिन परिश्रम, निरंतर सीखने और नैतिकता का फल है।

डॉ. कलाम का सपना केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं था; वे एक सशक्त, आत्मनिर्भर भारत की कल्पना करते थे। उनके लिए शिक्षा और विज्ञान का मकसद था समाज और राष्ट्र की सेवा। उनकी पुस्तकों और भाषणों में बार-बार यही गूंजता है कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। उनका विश्वास, '2020 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा,' आज भी हमें सामूहिक और राष्ट्रीय सपनों के लिए प्रेरित करता है। युवाओं को सही दिशा मिले, तो भारत विश्व में नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है।

'रीडिंग इंस्पिरेशन डे' केवल पुस्तकें पढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और समावेशिता का प्रतीक है। साधारण पृष्ठभूमि से आए डॉ. कलाम ने कभी जाति, धर्म या क्षेत्र को अपनी राह में बाधा नहीं बनने दिया। उनकी जयंती हमें याद दिलाती है कि शिक्षा और ज्ञान सभी के लिए सुलभ होने चाहिए। यह आयोजन ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों तक पहुंचे, जहाँ पुस्तकों और संसाधनों की कमी है, ताकि हर बच्चे तक ज्ञान की रोशनी पहुँचे।


डॉ. कलाम की अनकही कहानियाँ भी उतनी ही प्रेरक हैं। राष्ट्रपति भवन में रहते हुए भी वे सादगी से जीते और बच्चों से मिलने के लिए हमेशा समय निकालते। स्कूलों में जाकर वे छात्रों को विज्ञान, नवाचार और सपनों के लिए प्रेरित करते। उनकी पुस्तक माय जर्नी में साझा बचपन की सादगी और संघर्ष हमें सिखाते हैं कि कठिनाइयों के बीच भी हिम्मत और मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

15 अक्टूबर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है। डॉ. कलाम का जीवन एक खुली किताब है, जिसका हर पन्ना प्रेरणा, अनुशासन और देशभक्ति की कहानी कहता है। 'रीडिंग इंस्पिरेशन डे' हमें सिखाता है कि पुस्तकें विचारों का खजाना हैं, जो सवाल उठाने की हिम्मत और समाज को बेहतर बनाने की प्रेरणा देती हैं। इस दिन हम प्रण लें कि हम न केवल अपने लिए पढ़ेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए ज्ञान अर्जित करेंगे।

डॉ. कलाम का सपना था एक ऐसा भारत, जो विज्ञान, शिक्षा और नैतिकता में विश्व का नेतृत्व करे। यदि हर युवा उनकी तरह जिज्ञासु, अनुशासित और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित बने, तो उनका सपना साकार होगा। यह दिन हमें यही संदेश देता है- पढ़ो, सीखो, सपने देखो और भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जाओ।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

# इसराइल-हमास संघर्ष: शांति, कूटनीति और डोनाल्ड ट्रंप



**संजीव ठाकुर**
लेखक व चिंतक

लगभग 2 वर्षों के बाद गाजा पट्टी में इसराइल हमास युद्ध अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्तता से थम गया है। इस समझौते में इसराइल के हमास द्वारा बनाए गए इसराइल नागरिक शेष 20 बंधक इसराइल को सौंपें दिए गए बदले में 1900 से ज्यादा बंधकों और फिलिस्तीन कैदियों को रिहा किया गया। इस युद्ध में अरबों रूपयों का आर्थिक नुकसान हुआ और गाजा पट्टी फिलिस्तीन से एक लाख से ज्यादा नागरिक विस्थापित हुए हैं, और मारे गए इजराइल फिलिस्तीन नागरिकों की संख्या बहुत बड़ी है जिसकी सच्चाई का आकलन अभी तक नहीं किया जा पाया है। यह युद्ध विराम मानवता के लिए एक बड़ी राहत संधि मानी जा रही है। इसके बदले डोनाल्ड ट्रंप को इसराइल का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी दिया गया है। डोनाल्ड ट्रंप के ताज में शांति समझौते का एक और नया हीरा जुड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पुरस्कार प्राप्ति की आकांक्षा 2026 के लिए फिर शुरू हो गई वे अभी भी नोबेल पुरस्कार की दौड़ में बड़े आकांक्षी हैं।

इसराइल-हमास-गाज़ा पट्टी का संघर्ष दशकों से मध्य-पूर्व की राजनीति का सबसे गंभीर अध्याय रहा है। 1948 में इसराइल के गठन के साथ ही अरब-फ़िलिस्तीनी विवाद आरंभ हुआ और 1967 के युद्ध के बाद गाज़ा इसराइली नियंत्रण में आया। 2007 में हमास द्वारा गाज़ा पर नियंत्रण और इसराइल की नाकेबंदी ने तनाव को और गहरा किया। सितंबर 2023 में हमास ने अचानक इसराइल पर हमला कर लगभग 251 नागरिकों को बंधक बना लिया। इस हमले ने न केवल मध्य-पूर्व बल्कि विश्व-राजनीति को भी हिला दिया। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्होंने पहले 'अब्राहम समझौते' के माध्यम से अरब-इसराइल संबंधों में शांति का द्वार खोला था, ने इस संकट को अपनी नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से जोड़ते हुए सक्रिय मध्यस्थता की। ट्रंप ने कतर, मिस्र, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय साझेदारों के साथ मिलकर एक बहुपक्षीय शांति प्रारूप तैयार किया। उन्होंने इसे 'ह्यूमैनिटी फर्स्ट इनिशिएटिव' नाम दिया और कहा कि 'यदि यह समझौता सफल होता है तो मैं नहीं, बल्कि शांति खुद नोबेल की हक़दार होगी।' जनवरी 2025 में उनके नेतृत्व में हुए समझौते में 33 इज़राइली बंधकों की रिहाई हुई, जिनमें 25 जीवित और 8 मृत घोषित हुए। इसके बदले इसराइल ने लगभग 1,700 फ़िलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा। यह 'गाज़ा शांति चरण-1 समझौता' कहलाया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में शेष 20 जीवित बंधक भी छोड़े गए, जिनकी वापसी को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने ऐतिहासिक राहत माना। इस रिहाई और युद्धविराम की प्रक्रिया में अमेरिका और कतर के साथ भारत की भूमिका विशेष रूप से रेखांकित रही। भारत ने गाज़ा में मानवीय सहायता, चिकित्सा उपकरण, खाद्य सामग्री और राहत दल भेजे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दोनों पक्षों से संयम बरतने और आतंकवाद से मुक्त स्थायी शांति की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'भारत आतंकवाद के खिलाफ है और निर्दोष जीवन की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा।' भारत की यह संतुलित नीति- जहाँ एक ओर इसराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया गया, वहीं फ़िलिस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया, उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ छवि प्रदान करती है। दूसरी ओर, नाटो देशों की प्रतिक्रिया आरंभ में इज़राइल-समर्थक रही। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा ने हमास के हमले को 'आतंकी कार्रवाई' बताया और इज़राइल को सैन्य, तकनीकी और खुफिया सहायता दी। परंतु जैसे-जैसे गाज़ा में नागरिक हताहत बढ़े, यूरोपीय संघ और नाटो देशों में मतभेद उभरने लगे। फ्रांस और स्पेन जैसे देशों ने 'मानवीय संघर्षविराम' का आग्रह किया जबकि अमेरिका ने मध्य-पूर्व में स्थायी शांति के लिए कूटनीतिक दबाव बनाए रखा। इस दौरान ट्रंप की व्यक्तिगत भूमिका सबसे निर्णायक बनी रही। उन्होंने कई बार सार्वजनिक रूप से कहा कि उनका प्रयास केवल राजनीतिक समाधान नहीं बल्कि 'मानवता की बहाली' है, और उन्होंने इसे अपनी नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से जोड़ा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उन्हें शांति दूत बनाने का प्रयास किया गया है।

इसराइल-हमास-गाज़ा पट्टी का संघर्ष आधुनिक विश्व की सबसे जटिल मानवीय और राजनीतिक त्रासदियों में से एक है। गाज़ा पट्टी आकार में भले ही छोटी हो, परंतु इसका इतिहास, भू-राजनीति और संघर्ष की गहराई अत्यंत विशाल है। 1948 में इज़राइल राष्ट्र के गठन के साथ ही पहला अरब-इज़राइल युद्ध छिड़ गया था, जिसके बाद गाज़ा मिस्र के नियंत्रण में आया और 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इज़राइल ने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया। 1990 के दशक में ओस्लो समझौते के बाद सीमित स्वशासन वाली फिलिस्तीनी प्राधिकरण की स्थापना हुई, किंतु इसके कुछ ही वर्षों बाद हमास नामक संगठन ने धीरे-धीरे राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया और 2006 में हुए चुनावों में अप्रत्याशित रूप से विजयी हुआ। 2007 में फतह के साथ संघर्ष के बाद हमास ने गाज़ा पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। इसके बाद इज़राइल ने सुरक्षा कारणों से गाज़ा की सीमाओं को सील कर दिया और थल, जल, वायु मार्गों पर कड़ी नाकेबंदी लागू कर दी। इसी के साथ गाज़ा लगातार मानवीय संकट और अस्थिरता का केंद्र बन गया। सितंबर 2023 में विश्व समुदाय तब स्तब्ध रह गया जब हमास ने इज़राइल पर अचानक बड़े पैमाने पर हमला किया। इस हमले में रॉकेट बमबारी, सीमा पार घुसपैठ और नागरिकों पर हमले शामिल थे। हमास के लड़ाकों ने लगभग सात सौ इज़राइली नागरिकों और सैनिकों को बंधक बना लिया और उन्हें गाज़ा में अपनी पकड़ में रखा। यह घटना आधुनिक इज़राइल के इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा विफलताओं में से एक मानी गई। इसके प्रतिकार में इज़राइल ने 'ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड' नामक भीषण सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें गाज़ा पर लगातार हवाई और ज़मीनी हमले किए गए। इस अभियान में हजारों इमारतें ध्वस्त हुईं, सैकड़ों नागरिक मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हो गए। मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता से कई दौर की बातचीत के बाद कुछ बंधकों को मानवीय आधार पर छोड़ा गया, किंतु अधिकांश अब भी लापता हैं। इस युद्ध ने न केवल मध्य पूर्व बल्कि पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर इस संघर्ष का अंत कहाँ है। गाज़ा में पहले से ही बिजली, पानी, दवाइयाँ और आवास जैसी सुविधाएँ सीमित थीं। अब स्थिति और भयावह हो गई है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 21वीं सदी के सबसे बड़े मानवीय संकटों में एक बताया। अस्पतालों में संसाधनों की कमी, बच्चों और बुजुर्गों की त्रासदी और शरणार्थी शिविरों में बढ़ती भीड़ इस संघर्ष की मानवीय कीमत को दर्शाती है। राजनीतिक दृष्टि से हमास इसे 'प्रतिरोध का युद्ध' कहता है जबकि इज़राइल इसे 'आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई' मानता है। दोनों पक्षों के अपने तर्क हैं, परंतु बीच में पिस रही है आम जनता, जिसकी पीड़ा किसी भी पक्ष के लिए प्राथमिकता नहीं रह गई है। भविष्य को लेकर तीन संभावनाएँ सामने आती हैं। पहली, निकट भविष्य में स्थिति में स्थायित्व नहीं आने वाला है। तब तक वहाँ की हर सुबह धुएँ और आँसुओं में डूबी रहेगी। यही आज की सबसे बड़ी सच्चाई है- कि युद्ध से कोई विजेता नहीं निकलता, केवल पीड़ा और विनाश शेष रह जाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

### कविता

## भूली यादों की सुबह।

**कभी-कभी सुबह अचानक आती है,**
**जैसे किसी पुराने पत्र से खुशबू निकल पड़े।**

**धूप आँगन में नहीं, मन के भीतर उतरती है,**
**जहाँ किसी की हँसी अब भी धीरे-धीरे गूंजती है।**

**कोई नाम नहीं लेता अब, पर हवा में वह नाम**
**घुला है, जैसे मिट्टी में पानी की आख़िरी नमी।**

**खिड़की पर धूप के साथ एक स्मृति बैठी है,**
**उसकी गोद में किसी बीते दिन की हँसी सोई हुई है।**

**कभी लगता है- सुबह भी हमें ढूँढ़ती होगी,**
**जैसे कोई माँ, जो घर लौटे बच्चे की आहट सुनती हो।**

**बीते हुए लोग कहीं नहीं जाते, वे बस समय की परतों में**
**धीरे-धीरे उजाला बन जाते हैं।**

**हर सुबह, जब रोशनी दीवार पर गिरती है,**
**तो लगता है- किसी ने भीतर से कहा हो,**
**'मैं यहाँ हूँ, बस थोड़ी दूर याद में।'**

# जातीय नफरत की सर्कस, विवेकहीन समाज की एक त्रासदी



**प्रियंका सौरभ**
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

**सदियों से भारतीय समाज जातीय भेदभाव की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। यह नफरत केवल सामाजिक संरचना को नहीं, बल्कि इंसान के विवेक और संवेदना को भी कुंद कर चुकी है। हर निर्णय, हर दृष्टिकोण, हर न्याय आज जाति के तराजू पर तोला जाता है। जब तक समाज जातीय पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर न्याय-अन्याय के बीच अंतर करना नहीं सीखेगा, तब तक कुछ स्वार्थी और धूर्त लोग इस विभाजन की साज़िश में हमें अपनी सर्कस बनाते रहेंगे।**

भारतीय समाज की जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं। पर इन जड़ों में कई ऐसी गांठें भी हैं, जिन्होंने इंसानियत को बाँट दिया है। जाति का विचार शुरुआत में शायद एक सामाजिक संगठन का ढांचा था, पर समय के साथ यह व्यवस्था अन्याय, भेदभाव और शोषण का औजार बन गई। ऊँच-नीच की मानसिकता ने समाज को वर्गों में बाँट दिया और इस बंटवारे ने इंसान की पहचान को उसके कर्म से हटाकर उसकी जाति से जोड़ दिया।

जब कोई समाज अपने नैतिक विवेक को खो देता है, तब वह अन्याय को सामान्य मानने लगता है। यही आज की सबसे बड़ी समस्या है। जातीय सोच इतनी गहराई से हमारी मानसिकता में समा गई है कि लोग अन्याय को भी 'अपनों के पक्ष में' देखकर सही ठहराने लगते हैं। किसी अपराधी की जाति अगर अपनी है, तो लोग उसे निर्दोष मान लेते हैं; और अगर पीड़ित किसी अन्य जाति का है, तो उसके दर्द के प्रति संवेदना गायब हो जाती है। यह वह बिंदु है जहां इंसानियत मर जाती है और जातिवाद जीत जाता है।

राजनीति ने जातिवाद को जीवित रखा है, बल्कि उसे हवा दी है। हर चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता नहीं, उनकी जातीय पहचान का हिसाब लगाया जाता है। नेता जानते हैं कि जातीय गोलबंदी उनकी सत्ता की नींव है, इसलिए वे समाज को एकजुट करने के बजाय बांटे रखना चाहते हैं। वोट के लिए जाति को हथियार बनाना सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है, क्योंकि यह विभाजन न केवल लोकतंत्र की भावना को कमजोर करता है, बल्कि पीढ़ियों के मन में अविश्वास और घृणा बो देता है।

जातीय पूर्वाग्रहों से बाहर निकलने का सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा का प्रसार भी कई बार समान अवसरों के बिना अधूरा रह जाता है। जब तक हर वर्ग को समान अवसर, समान मंच और समान सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक जातीय सोच का अंत संभव नहीं है। सच्ची शिक्षा वही है जो मनुष्य को स्वतंत्र सोचने और दूसरों के दुःख को समझने की क्षमता दे।

मीडिया समाज का दर्पण होता है। पर जब दर्पण ही धुंधला हो जाए, तो सच्चाई कैसे दिखाई देगी? जातीय हिंसा या भेदभाव की खबरें अक्सर राजनीतिक दृष्टिकोण से तो दिखाई जाती हैं, पर उनमें इंसानियत की करुणा का अभाव होता है। जरूरत है कि मीडिया समाज में संवाद का माध्यम बने, न कि विभाजन का। पत्रकारिता का मूल धर्म है सत्य को सामने लाना- चाहे वह किसी जाति, वर्ग या धर्म के विरुद्ध क्यों न हो।

हर युग में कुछ ऐसे चालाक और धूर्त लोग रहे हैं जो समाज की कमजोरियों को भुनाते हैं। कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर, कभी भाषा के नाम पर- वे हमें बाँटकर अपनी कुर्सी और शक्ति को सुरक्षित करते हैं। हम वही जनता हैं जो उनके शो में दर्शक बन बैठे हैं। वे खेल दिखाते हैं, हम ताली बजाते हैं- और हर बार यह सर्कस चलता रहता है। अगर हम सच में बदलाव चाहते हैं, तो हमें दर्शक नहीं, निर्णायक बनना होगा।

न्याय का अर्थ तभी पूरा होता है जब वह बिना किसी पूर्वाग्रह के किया जाए। न्याय का कोई रंग, धर्म या जाति नहीं होती। समाज को चाहिए कि वह 'हम बनाम वे' की मानसिकता से बाहर निकलकर 'सबके लिए न्याय' की भावना को अपनाए। यही लोकतंत्र का आधार है। अगर हर व्यक्ति अपने स्तर पर जाति से ऊपर उठकर सोचने लगे, तो यह बदलाव किसी क्रांति से कम नहीं होगा।

जातिवाद केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि एक मानसिक गुलामी है। यह हमें विवेकहीन, असंवेदनशील और विभाजित बनाता है। आज समय की सबसे बड़ी मांग यही है कि हम अपने भीतर झाँकें और समझें कि असली पहचान हमारी जाति नहीं, बल्कि हमारा कर्म और हमारा चरित्र है। सदियों से जो दीवारें हमें बाँटती आई हैं, उन्हें तोड़ने की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी। जब समाज न्याय के पक्ष में खड़ा होना सीख लेगा- बिना यह देखे कि पीड़ित या अपराधी किस जाति का है- तभी हम कह सकेंगे कि हमने सच्चे अर्थों में सभ्यता की ओर कदम बढ़ाया है। अन्यथा यह जातीय सर्कस यूँ ही चलता रहेगा, और हम अनजाने में उसके दर्शक बने रहेंगे।

**(ये लेखिका के अपने विचार है)**

# धर्मसागर सभागार का लोकार्पण समारोह गुरुवार को, दंग की नसियां में होंगे दो दिवसीय आयोजन

**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** शहर के हृदय पटल पर स्थित श्रीपार्श्वनाथ भवन (दंग की नसियां) में बहुप्रतीक्षित 'धर्मसागर सभागार' का लोकार्पण समारोह गुरुवार को वात्सल्य वारिधी आचार्य वर्धमान सागर महाराज के आशीर्वाद से होने जा रहा है।






दिगम्बर जैन बीस पंथ आमनाय बड़ा मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री अजीत जयपुरिया ने बताया कि आचार्य समारोह हेतु लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से प्रबंध समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज सीकर को वर्चुअल आशीर्वचन देंगे। मीडिया प्रभारी विवेक पाटोदी ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में प्रथम दिन बुधवार को प्रातः संगीतमय वास्तु विधान पूजन का आयोजन किया जाएगा एवं सायंकाल णमोकार महामंत्र के पाठ एवं विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। उपाध्यक्ष संतोष बिनायक्या ने बताया कि जैन समाज के सहयोग से यह सभागार पूर्णतया सुसज्जित, अत्याधुनिक एवं वातानुकुलित है व इसके हॉल में हजारों व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है।

# सूर्या कप वाल्मीकि प्रीमियम लीग सीजन-1 संपन्न, सांवली टीम बनी विजेता

**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** पठान क्रिकेट ग्राउंड, सबलपुरा सीकर में आयोजित सूर्या कप वाल्मीकि प्रीमियम लीग सीजन-1 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन टी.आर. ग्रुप सीकर द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में लक्ष्मणगढ़, रींगस, सीकर, कुचामन, जयपुर, उदयपुर, सार्दुलशहर सहित विभिन्न क्षेत्रों की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बीच खेले गए फाइनल मैच में सांवली टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जयपुर टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की और पूरे जिले का नाम गर्व से रोशन किया।




विजेता सांवली टीम को 51,000 की नकद राशि व विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, वहीं उपविजेता जयपुर टीम को 21,000 की राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

सांवली टीम के खिलाड़ियों- आशीष, राहुल सरासर, सुरेश सरासर, धीरज सरासर और अभिषेक सरासर- ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को विजयी बनाया।

आयोजक समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज के युवाओं में खेल भावना, एकता और उत्साह को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

# राजाखेड़ा परिसर में निगम ने की जनसुनवाई



खबरों की दुनिया

**राजाखेड़ा ।** अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने मंगलवार को 33/11 केवी जीएसएस राजाखेड़ा परिसर में जनसुनवाई की जिसमें कई उपभोक्ताओं ने अपनी परिवेदना दी। जिनका त्वरित समाधान किया गया तथा लोगों से अपील की कि वे अपने कार्य के लिए सीधे कार्यालय आकर अधिकारियों से संपर्क करें। किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में न आए। तिवारी ने आज रिकवरी के लिए एक टीम कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल के नेतृत्व में गठित की जिसने बकाया बिल होने पर कृषि कनेक्शन के गांव नाडोरा, गाढ़ी जोनावाद, कंचनपुरा, खुड़िला से 4 ट्रांसफार्मर करीब 6 लाख की बकाया राशि पर उतार कर कार्यालय में जमा किए और मौके पर ही 60 हजार के बिल जमा किए । दूसरी टीम का नेतृत्व खुद तिवारी ने किया और आज मरैना कस्बे में ततैया टीम के साथ ड्रोन उड़ा कर विद्युत चोरी पकड़ी गई जिसमें 8 विद्युत चोरों पर करीब 4.6 लाख का जुर्माना लगाया गया।ड्रोन कार्यवाही से विद्युत चोरों अफरा तफरी मच गई और अवैध कनेक्शनों को हटा लिया गया। टीम द्वारा भी करीब 70 अवैध केबलों को हटा कर जप्त किया गया।तथा मौजूद लोगों से अपील की गई कि वे विद्युत चोरी न करें।विद्युत चोरी गैर जमानती अपराध है।अगर आगे से विद्युत चोरी की तो और कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इसके साथ ही कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड द्वारा राज्य सरकार द्वारा जारी मुफ्त बिजली योजना के लिए लोगों के रेजिस्टेशन किए गए और लोगों को योजना के बारे में जागरूक किए गए। टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा वरिष्ठ टेक्निशियन भूदेव शर्मा, चित्र सिंह, धर्मेंद्र, नवल सिंह, अकील खान, राजकुमार, गोपाल सिंह, राजकुमार इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शांति वाटिका शहर के सौंदर्यीकरण में अहम : गौरव यादव

## मां के नाम पर बनाईं वाटिका

खबरों की दुनिया





**धौलपुर ।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान को ध्यान में रखते हुए , जिला प्रशासन की प्रेरणा से शहर के युवा राजवीर सिंह गुर्जर ने अपनी मां शांति देवी के नाम से वाटिका का निर्माण किया है। वाटिका का उद्घाटन जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव व सभापति नगर परिषद धौलपुर खुशबू सिंह ने फीता काटकर किया।

**शांति वाटिका शहर में विशेष स्थान रखती है...**

इस अवसर पर डीटीओ गौरव यादव ने कहा कि सौंदर्यीकरण के लिहाज से शांति वाटिका शहर में विशेष स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि इस वाटिका के निर्माण में सभी महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा गया है शौचालय, पानी व रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था है। और शहर के बीचो-बीच स्थापित शांति वाटिका राहगीरों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस कर्मियों के लिए ड्यूटी के दौरान शौचालय की काफी कमी महसूस होती थी। वह अब इस वाटिका के निर्माण के बाद दूर हो गई है । उन्होंने वाटिका के निर्माण करने वाले भामाशाहों को शुभकामनाएं दी।

**शहर को साफ सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए प्रयासरत...**

नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने कहा कि भामाशाह शहर के सौंदर्यीकरण में सहयोग के लिए आगे आकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद धौलपुर सीमित संसाधनों के बीच शहर को साफ सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए प्रयासरत है । हमारा उद्देश्य स्वच्छ धौलपुर - स्वस्थ्य धौलपुर की परिकल्पना को साकार करना है।

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बोहरा, परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा व डॉक्टर रेनू निखिल अग्रवाल ने वाटिका की प्रशंसा की, और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मयूरी वाटिका के निर्माण के लिए डॉ. राधेश्याम गर्ग, सुरजीत वाटिका के लिए कमलजीत सिंह का मंच के माध्यम से सम्मान किया गया।

**वाटिका में आकर उन्हें मां का एहसास होता है...**

भामाशाह राजवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि आज उनकी मां इस दुनिया में नहीं है, मगर वाटिका में आकर उन्हें मां का एहसास होता है, इसलिए उन्होंने वाटिका का नाम शांति वाटिका रखा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जो पौधारोपण किया गया वह वृक्ष का रूप ले चुके हैं और उनकी छाया में बैठकर उन्हें मां का एहसास होता है।उन्होंने कहा कि अपनों को सदैव अपने बीच जीवंत रखने के लिए उनकी याद में पौधों रोपण करें और वृक्ष बनने तक उसकी सही प्रकार से देखभाल करें। उन्होंने कहा कि चंद्रमल फाउंडेशन संस्थान आने वाले समय में पूरे जिले में विशेष पौधारोपण अभियान चलाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर देवेंद्र प्रताप सिंह जादौन, बौहरे महेश शर्मा, सत्येंद्र पाराशर, अतुल कुमार भार्गव, शैलेंद्र यादव, जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार, मोहम्मद जाकिर हुसैन, अजय बघेल, मुकेश सक्सेना, उग्रसेन, नेतराम गुर्जर, संजय गुर्जर एडवोकेट, जन्डैल सिंह गुर्जर, प्रशांत हुंडवाल, द्वारका प्रसाद कंसाना ,हरिओम शर्मा, बॉबी शर्मा, डॉ निखिल अग्रवाल अंकित अग्रवाल यदुवीर पटवारी, हरि सिंह गुर्जर श्यामवीर कंसाना, अजय कंसाना जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह देवेंद्र गुर्जर, अनुराग अग्रवाल, मनोज पोसवाल, अमन भार्गव, बंटी गुर्जर गुड्डू, मानवेंद्र सिंह, दीपक अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अंत में चंद्रमल फाउंडेशन के सचिव यशवीर सिंह पोसवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया।

# हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य के नाम पर बहलाकर बच्चों को बुलाया



**धौलपुर (खबरों की दुनिया)।** कुछ लोगों ने डीएलएड महाविद्यालय वंश हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट रेलवे क्रॉसिंग बड़ा गांव, महाराणा प्रताप एजुकेशन ट्रस्ट बसेड़ी धौलपुर, महाराणा प्रताप एसटी स्कूल बसेड़ी धौलपुर, कालिदास संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान बसेड़ी धौलपुर, महाराणा प्रताप महिला संस्कृत एसटी स्कूल बसेड़ी धौलपुर, एसएन कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन बड़ागांव रोड धौलपुर डीएलएड महाविद्यालय महाविद्यालय और राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र महाविद्यालय धौलपुर के छात्रों का स्काउट गाइड शिविर प्रारंभ किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश मंगल को हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य के पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया की इन लोगों ने संगठन राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड का गठन बात कर हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य के नाम पर बहलाकर बच्चों को बुलाया है और शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। जानकारी प्राप्त होने पर एवं जिसकी जांच हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय धौलपुर महेश मंगल द्वारा हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठन राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड के पदाधिकारी को बुलाया गया एवं विस्तृत जांच की गई जांच के पश्चात पाया गया की हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य के हम नाम राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिसका न तो धौलपुर में मुख्यालय है न ही बैंक अकाउंट है और ना ही संरचनात्मक ढांचा है एक फर्जी संगठन है एवं किसी भी प्रकार के प्रश्न पूछे जाने पर अपने आप को राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन का राज्य सचिव बताने वाले विजय कुमार द्वारा संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल के नाम पर धमकी दी गई कि मनीष गोयल संयुक्त शासन सचिव शिक्षा ग्रुप 2 के द्वारा आप लोगों पर कार्रवाई करवा देंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई करवा दी जाएगी, परंतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल द्वारा उनको फर्जी पाए जाने के कारण जिला प्रशिक्षण जिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय धौलपुर के छात्र-छात्राओं को शिविर से मुक्त कर दिया गया और 14 अक्टूबर को अपने पत्र के माध्यम से शिविर को अवैध करार दे दिया गया शिविर स्थल पर जाने पर पाया गया की इन लोगों द्वारा बच्चों के मोबाइल जप्त कर लिए गए और शिविर स्थल पर ताला लगा दिया गया ताकि कोई बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं जा सके। जबकि प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान सरकार द्वारा डीएलएड बीएसटीसी कॉलेज में शिविर हेतु मान्यता केवल राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड और हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य को ही दी गई है।

# सहकार सदस्यता अभियान-2025 शिविर आयोजित

खबरों की दुनिया



**धौलपुर ।** राज्य सरकार द्वारा 2 से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत क्रय विक्रय सहकारी समिति परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य व संयोजक जिला सहकार सदस्यता अभियान पी.सी बोहरा के विशेष आथित्य में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन, गोदाम विहीन पैक्सों में भूमि चिन्हीकरण, नवीन सदस्यता, नवीन प्रस्तावित सहकारी कोड के बारे में आमजन को जानकारी देने व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र 519 कृषकों की केवाईसी व 811 कृषकों का आधार सीडिंग का कार्य किया गया है। शिविर में मुख्य अतिथि द्वारा ज्यादा से ज्यादा सहकारी समितियों के सदस्य बनाकर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र सदस्यों को दिलाने का आह्वान किया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा सहकारी संस्थाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने व सदस्यों के हितों की रक्षा करने के बारे में बताया। उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति सतेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत कुल 101 ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित कर सहकारी संस्थाओं में सदस्यता बढ़ाये जाने हेतु कुल 5184 आवेदन प्राप्त किये गये है। उन्होंने बताया कि शिविर में 100 नयें सदस्यों ने क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड व 50 सदस्यों ने उपभोक्ता भण्डार की सदस्यता ग्रहण की। शिविर में विशेष लेखा परीक्षक सहकारी समिति गगन पाण्डेय, वीरेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र कुमार, निरीक्षक एवं सहकारिता विभाग के कार्मिकों सहित कृषक उपस्थित रहे।

सनातन शक्ति स्नेह मिलन समारोह में दिखा

# भक्ति संस्कृति व मातृशक्ति का अद्भुत संगम



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सनातन सेवा संगठन, जयपुर के बैनर तले भक्ति संस्कृति मातृशक्ति का अद्भुत संगम, करघनी नगर में संपन्न हुआ। समारोह में भक्ति संस्कृति मातृषक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मोके पर वक्ताओं ने शस्त्र और शास्त्र के महत्व के साथ हिंदू समाज में वर्तमान में चल रही बुराइयों से निपटने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की,साथ ही स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और कुटुंब प्रबोधन के महत्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम संयोजक कन्हैया लाल प्रधान व उप संयोजक मुरारी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 'परम पूज्य गौ ऋषि प्रकाश दास जी महाराज' ने देश के सैनिकों के सम्मान में सभी उपस्थितों से अपने मोबाइल टॉर्च जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करवाई। उन्होंने देशभक्ति और भगवान राम के भजनों के माध्यम से पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय बना दिया।

इस मौके पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख, विवेक गुप्ता ने सनातन धर्म में किए जाने योग्य कार्यों, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और कुटुंब प्रबोधन के महत्व पर विस्तार से बताया,वहीं 'साध्वी संमदर्शी गिरी दीदी ने शस्त्र और शास्त्र के महत्व के साथ हिंदू समाज में वर्तमान में चल रही बुराइयों से निपटने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर के वार्ड-43 की पार्षद व चैयरमेन 'विशिष्ट अतिथि अर्चना शर्मा कहा कि 'यत्र नारियस्तु पूज्यन्ते, तत्र रमन्ते देवता' अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते है। सनातन संस्कारों के लिए नारी का समाज एवं राष्ट्र के लिए निर्माण में एक महत्वपूर्ण योगदान है साथ ही महिलाओं को सवालाम्बी एवम समृद्ध बनने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने देशभक्ति और भगवान राम के भजनों के माध्यम से पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस दौरान

'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शिव लहरी ने संयुक्त परिवारों के महत्व और उससे होने वाले लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संतों का सम्मान किया गया और अंत में 'संयोजक कन्हैया लाल प्रधान' ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

प्रभारी सचिव नीति आयोग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# नीति आयोग के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप करें कार्य :प्रभारी सचिव



**धौलपुर (खबरों की दुनिया)।** केंद्रीय प्रभारी सचिव नीति आयोग प्रीतम बी यशवंत ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने नीति आयोग के सूचकांकों के अनुरूप स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत सुविधाओं, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास संबंधी विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्य कार्यक्रम लागू होने के बाद आकांक्षी जिलों में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। आकांक्षी जिलों में भी सामान्य जिलों की भांति हर क्षेत्र में विकास और सुविधाओं का मूलभूत विस्तार हुआ है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण हेतु रिचार्जेबल पिट्स एवं वर्षा जल संग्रहण के कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के कार्यो को भी प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के मंशा के अनुरूप हर घर स्वच्छ जल पहुंचे, इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जाये। विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजनाओं की पूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम में केपीआई इंडीकेटर्स के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

# दीपावली कॉर्निवाल का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी नें किया शुभारंभ

## स्वदेशी सामान खरीदने का दिया संदेश




**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** सेन्ट्रल स्पाइन के दीपावली कॉर्निवाल-2025 का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, व विधायक बालमुकुंद आचार्य ने किया।

इस मौके पर उन्होंने आमजन को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत माला व दुपट्टा पहनाकर सुमन अग्रवाल व महिला अध्यक्ष दिव्या साबू शर्मा ने किया। कॉर्निवाल दीपावली तक रहेगा। इस अवसर पर इसमे सेंट्रल स्पाइन के कॉरिडोर में सजावट व व्यापारियों की स्टाल लगाई गई है।

इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र गोयल, महासचिव पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन खंडेलवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज केडिया, उपाध्यक्ष मनीष जालान, शैलेश बूबना, संदीप बसेरा, सचिव अशोक झालानी, विधि सलाहकार प्रमोद अग्रवाल, सह सचिव विजय बच्चानी, भवानी खोरा, मनीष अग्रवाल, अजय सैनी, मुकेश जाजू, दर्शन सिंह, विवेक खेतान, चेयरमेन नरेंद्र सिंह शेखावत, पार्षद वार्ड 25-सुरेश जांगिड़, विधाधर नगर मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जयंत कुमावत, हरि ओम जन सेवा से पंकज गोयल, राजेश चैधरी, अमित चोटिया, प्रदीप खेतान, राज मीडिया से नवल शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप अग्रवाल, सौरभ गोयल, मुकेश टेकरीवाल, अजय मित्तल, दिनेश टेकरीवाल, श्रवण नाटिया, जितेंद्र सैन एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागृह एवं लीगल एड क्लीनिक का औचक निरीक्षण

खबरों की दुनिया



**धौलपुर ।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कारागृह एवं लीगल एड क्लीनिक धौलपुर का औचक निरीक्षण किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालना में 14.10.2025 को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर अरुण कुमार अग्रवाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिला कारागृह एवं लीगल एड क्लीनिक धौलपुर का औचक निरीक्षण।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण दौरान सर्वप्रथम जेल में स्थित बंदियों को अपनी शिकायत लिखने के लिए उपलब्ध शिकायत पेटिका को खुलवाया तो उसमें किसी भी बंदीं की शिकायत नहीं पाई गई। दौरान नई रसाई घर का भी निरीक्षण किया गया तो निरीक्षण दौरान उसमें काफी गंदे कंबल पाए गए। अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा जेल अधीक्षक को पूछे जाने पर जेल अधीक्षक ने बताया कि यह कंबल बंदियों के प्राइवेट है जो स्वयं अपने घरों से लाते हैं उसके बाद बंदियों को उपलब्ध अखबारों एवं पुस्तकों के बारे में भी जानकारी ली गई। उसके बाद बैरकों में जाकर बंदियों से बात की तो कुछ बंदियों ने अपनी अपीलों के बारे में बताया कुछ बंदियों ने बताया कि हमारी जमानत हो चुकी है कुछ कैदियों ने अपनी सजा के बारे में बताया कुछ कैदियों ने कोई भी समस्या नहीं होना बताया। उनसे उनके वकीलों, फॉरमेटों के बारे में जाना निरीक्षण दौरान बंदियों को तबियत के बारे में भी जानकारी ली एवं कुछ बंदियों ने बताया कि उनके परिवार वालों से बातचीत नहीं होती है तो अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने बंदियों को बताया कि वह अपने परिवार वालों से फोन पर बता करने के लिए रिचार्ज कराने की कहें उसके बाद जेल में बंदियों को होने वाली परेशानियां जैसे- पुलिस वाले परेशान करते हों, खाने-पीने न मिलना, धर वालों से बात न होंना इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की एवं बेरकों में उपलब्ध लेट्रिन-बाथरूमों का भी निरीक्षण किया गया तो लेट्रिनों में गंदगी पाई गई, लेट्रिनों को साफ करने के निर्देश दिए और बताया कि इस प्रकार की गंदगी से बंदियों में मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियां भी पैदा हो सकती है एवं बंदियों से टॉयलेटों के बारे में भी जानकारी ली तो कुछ बंदियों ने बताया कि वे नियमित रूप से टॉयलेटों की सफाई करते हैं कुछ बंदियों ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह टायलेटों की सफाई की जाती है। इसके बाद अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा रसाई घर का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान मशीनों का बारिकी से निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान बंदियों को उपलब्ध मशीनों में रोटी बनने की विधि के बारे में भी जानकारी ली गई एवं आज के मैन्यू के बारे में भी पूछा तो बताया कि आज आलू गोभी की सब्जी, दाल एवं चपाती बनी है उसके बाद अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने सब्जियों में मिर्च के बारे में जानकारी ली तो जेल अधीक्षक ने बताया कि अब सब्जियों में मिर्च कम डाली जाती है। निरीक्षण दौरान लाईटों, गंदगी एवं जल-भराव की समस्याओं को जल्दी दुरुस्त करने के भी निर्देश प्रदान किए गए। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डण्डौतिया, चीफ एलएडीसी अमित कमठान डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिकरवार, मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन मीणा, इत्यादि सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## कोई डॉक्टर बना कोई वैज्ञानिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में मंगलवार को पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । हेड मास्टर पवन कुमार ने सभी विद्यार्थियों को सुंदर पोशाकों में भिन्न-भिन्न रूप धारण कर प्रतियोगिता में भाग लेने पर उत्साहवर्धन किया । बाल वाटिका प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहन प्रस्तुत किया दी । कोई परमाणु वैज्ञानिक बना तो कोई किसान किसी ने डॉक्टर का रोल किया तो कोई सोशल मीडिया फौजी शिक्षक पेंटर शिवाजी पंजाबी युवती दक्षिण भारतीय युवक बनाकर मंच पर आया । प्रतियोगिता में शालिनी सोनी नेहा चौधरी ने निर्णायको की भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में सलोनी सोनी गरिमा पंवार मंजू बाई ने सहयोग किया ।

## रंगोली प्रतियोगिता में रंग बिखेरे कविता पाठ किया



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** स्वच्छता ही सेवा महा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को परमाणु ऊर्जा केंद्र विद्यालय क्रमांक 2 में स्वच्छता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता कविता पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिताओं में विद्यालय के चारों सदनों ने भाग लिया । विद्यार्थियों ने स्वच्छता विषय पर सुंदर रंगोलियां बनाई । पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । प्रतियोगिता में कुल 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया बच्चों ने धारा का प्रकोप स्वच्छता का स्वरूप स्वच्छता के सैनिक एवं स्वच्छता अभियान जैसे विषयों पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत की ।

प्राचार्य लोकेश जोशी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रेरित किया और अपने व्यक्तिगत जीवन आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरणा दी । प्रतियोगिता के निर्णायक बाबूलाल भील यशोदा कुचेरिया रोहिताश्व गौतम रहे ।

कार्यक्रम का संचालन निक्की कुमारी सरिता खुशी राठौर शेफाली शर्मा महेंद्र सिंह ढाका आरजू कुमारी शालिनी श्रृंगी संगीता प्रकाश ने किया ।

## पन बिजली घर में 5 फीट लंबा कोबरा घुसा

### कर्मचारियों में हड़कंप वन विभाग ने किया रेस्क्यू



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** राणा प्रताप सागर बांध स्थित पन बिजली घर कार्यालय में सोमवार देर रात 5 फीट लंबा कोबरा सांप दिखने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया । कनिष्ठ अभियंता भानु प्रकाश ने तुरंत क्षेत्रीय वन अधिकारी विनीत मंगल को कोबरा सांप आने की सूचना दी । जिस पर वन विभाग की टीम को रेस्क्यू के लिए मौके पर भेजा गया ।

क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि लगभग 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जानलेवा कोबरा सांप का रेस्क्यू कर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया । रेस्क्यू टीम में वनरक्षक विद्याधर शंकर सिंह सुनील मौजूद रहे ।

## कांग्रेस ऑब्जर्वर के स्वागत के लिये बैठक आयोजित

**रावतभाटा ।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मंगलवार को नया बाजार स्थित निजी आवास पर बैठक आयोजित हुई । बैठक की अध्यक्षता पूर्व पार्षद बृजेश ओझा ने की, बैठक में कांग्रेस संगठन अभियान जिला चित्तौड़गढ़ के तहत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर सुभाषिनी यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर पुष्पेंद्र भारद्वाज, छोटू राम मीणा, सज्जन सिंह के बुधवार को रावतभाटा पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा । बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष नया बनाने पर रावतभाटा कांग्रेस जनों के विचारों से अवगत करवाया जाएगा । रावतभाटा में कांग्रेस जन अपने आप को अपमानित, अपेक्षित एवं अकेला महसूस कर रहे हैं । जिसकी जानकारी आला कमान को आब्जर्वर के माध्यम से पहुंचाई जाएगी । बैठक में पार्षद मोहम्मद हुसैन बंगाली, हरीश प्रजापत, दिनेश छाबड़ा, इंटक अध्यक्ष मनोज डागुर ,कोषाध्यक्ष फिरोज खान ,दीपचंद डांगी, जाकिर हुसैन ,मूलचंद ,त्रिलोक ,अजय, मनजीत सिंह, शरीफ हुसैन, ज्ञानू चौधरी, आलम खान, गफ्फार भाई, अहमद हुसैन, इंद्रजीत सिंह, मांगीलाल मेघवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर बैठक आज

**रावतभाटा ।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस की बैठक कोटा मार्ग स्थित निजी वाटिका में आयोजित की जाएगी । नगर अध्यक्ष शंकर बुनकर ने बताया कि दोपहर 2:30 बजे संगठन की बैठक आयोजित होगी । बैठक में पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष के चयन के लिए विचार विमर्श करेंगे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर सुभाषिनी यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर पुष्पेंद्र भारद्वाज, छोटू राम मीणा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी, जिला अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी बैठक में मौजूद रहेंगे ।

### मूलचंद सैनी को समाज सेवा के लिए किया सम्मानित

# इंजीनियर सैनी सेवा निवृत्ति के बाद अपना समय समाज सेवा में ही लगाते हैं

खबरों की दुनिया




**नवलगढ़ ।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा उदयपुरवाटी में जिला स्तरीय भामाशाह जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों का सम्मान समारोह और दीपावली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इंजीनियर मूलचंद सैनी सेवा निवृत्त अधिशाषी अभियंता नवलगढ़ को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर समाज सेवा के रूप में सम्मानित किया गया। इंजीनियर मूलचंद सैनी प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजस्थान ने पिछड़ा समाज में सामाजिक सुधार और जागृति लाने के लिए सितंबर माह में सीकर में प्रदेश स्तरीय अधिवेशन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। पिछले दस वर्षों से नेताजी भोला राम सैनी स्मृति सेवा संस्थान नवलगढ़ के द्वारा मानव सेवा के कार्यक्रम कार्यकर्ताओं द्वारा सफलता से सम्पन्न हो रहें हैं। जिसमें इंजीनियर मूलचंद सैनी अपनी उपस्थिति और सेवाएं आर्थिक सहयोग से प्रदान करते रहते हैं। शैखावाटी स्तर पर सैनी समाज संस्थाओं में भी सामाजिक संगठनों में कई पदों पर सेवा और सहयोग करने में हमेशा आगे रहते हैं।मानव सेवा और समाज सेवा को ही कर्म समझने वाले समाजसेवी को माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, अध्यक्षता उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थान ओबिसी बोर्ड के सदस्य पवन मावंडिया उदयपुरवाटी नगरपालिका अध्यक्ष रामनिवास सैनी, नवलगढ़ अध्यक्ष राजकुमार सैनी, चिड़ावा अध्यक्षा सुमित्रा सैनी,सिंघाना प्रधान सरला सैनी,आर ए एस नानूराम सैनी, संस्था संरक्षक मुरारी लाल सैनी, जिला सम्पर्क अधिकारी हेमंत सैनी आदि। संस्था अध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बबली सैनी, महामंत्री रतन लाल सैनी ,ब्लोक अध्यक्ष जे पी सैनी, विधी सलाहकार एडवोकेट मोती लाल सैनी, समस्त कार्यकारिणी के प्रयास से 275 भामाशाह जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों को सम्मानित करने का अनुठा और शानदार सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला झुंझुनूं के अलावा,सीकर से भंवर लाल गार्ड के नेतृत्व में चूरू से शंकर बालाण के नेतृत्व में,जयपुर से सैंकड़ों की संख्या में समाज बंधुओं ने उपस्थित हो कर सहयोग किया। मुख्य अतिथि गहलोत ने सामाजिक एकता और बच्चों में उच्च संस्कार बढ़ाने पर जोर दिया। अन्य सभी सम्मानित वक्ताओं ने सामाजिक सुधारों और एकता का संदेश दिया। अध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने समाज में दो गोत्र के आधार पर शादी करने का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनि मत से समाज ने पास किया। अध्यक्ष शास्त्री ने सभी समाज बंधुओं को सहयोग और कार्यक्रम सफल बनाने पर हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## उड़ान केंद्र पर स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन






### स्वच्छता को अपनाने की आवश्यकताः डे

**रावतभाटा(खबरों की दुनिया) ।** राजस्थान परमाणु बिजलीघर द्वारा स्वच्छता ही सेवा माह के अंतर्गत मंगलवार को उड़ान केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इकाई 3 एवं 4 के तकनीकी अधीक्षक मलय कुमार डे रहे ,उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान केवल एक इंसान के जरिए सफल नहीं होगा । इसके लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर प्रयास करना होगा , हमारे जीवन में स्वच्छता सिर्फ एक शब्द नहीं है बल्कि स्वच्छता एक आदत होनी चाहिए । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे अनुरक्षक अधीक्षक सी पी जैन ने उड़ान केंद्र की तारीफ कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था की सराहना की । कार्यक्रम के संयोजक दीपक स्वामी ने स्वच्छता के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अणु सिलाई कार्यक्रम में भाग लेने वाली ग्रामीण महिलाओं दिव्यांग बच्चों एवं प्रशिक्षकों के माध्यम से स्वच्छता को अपनाने एवं जन-जन तक पहुंचना है । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया नाटक रहा ,जिसमें किसी को भी गंदगी ना करने देना के बारे में सरल तरीके से बताया गया । ग्रामीण महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर बताया कि किस तरह से लोग गंदगी फैलाते है,जिससे होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम में नृत्य कविता भाषण के द्वारा दिव्यांग बच्चों ग्रामीण महिलाओं ने स्वच्छता को अपनाने के बारे में जागरूक किया ।

### चार्ट पर उकेरी कला ...

उड़ान केंद्र पर आयोजित हुए कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । जिसमें ग्रामीण महिलाओं दिव्यांग बच्चों ने उत्साह से भाग लिया । स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण तथा समावेशित को बढ़ावा देने का संदेश प्रतियोगिता के माध्यम से दिया । बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह समर्पण और जिम्मेदारी की भावना से प्रतियोगिता में भाग लिया । कार्यक्रम के अंत में रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया । कार्यक्रम का संचालन निमिषा जैन ललित जिंगर ने किया। कार्यक्रम में एल के गुप्ता संजय कांडपाल प्रवीण कुल्हारी नितिन नागर सहित कर्मचारी मौजूद रहे ।

## प्रो. बीएल वर्मा को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार

खबरों की दुनिया



**कोटा।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलगुरु प्रो. बीएल वर्मा को राजभवन राजस्थान ने आदेश जारी कर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलगुरु पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। वीएमओयू विश्वविद्यालय जनसंपर्क प्रकोष्ठ के सह संयोजक विक्रम राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में प्रो के.वर्मा के पास कृषि विश्वविद्यालय कोटा के कुलगुरु का भी अतिरिक्त कार्यभार है। विख्यात शिक्षाविद और कॉमर्स और प्रबंधन क्षेत्र के जाने माने विद्वान प्रो. वर्मा उच्च शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में एक अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं। खुला विश्वविद्यालय में कुलगुरु के रूप में अपनी सेवाएँ देने के साथ-साथ, उनका कृषि विश्वविद्यालय कोटा व उदयपुर के कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त दायित्व संभालना राज्य की तीनो प्रमुख शिक्षण संस्थाओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इस अवसर पर प्रो वर्मा ने माननीय राज्यपाल और राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि एमपीयूएटी का प्रदेश की कृषि शिक्षा, शिक्षण, अनुसंधान, प्रसार एवं कृषि उद्यमिता में उत्कृष्ट योगदान रहा है। उनका प्रयास रहेगा कि है कि कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार को बढ़ावा देने के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में कृषि शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के नवीन अवसर सृजित कर राज्य में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार को नई दिशा प्रदान की जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों सहित शुभचिंतकों ने उन्हे शुभकामनाएँ प्रदान की।

## संदिग्धावस्था में युवक की मौत

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र के पथेना-खेड़ली सड़क मार्ग पर एक 45 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। यह घटना स्टेट मेगा हाईवे 45 पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास हुई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही खेड़ली मोड़ थाना पुलिस और भुसावर सीओ धर्मेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भुसावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान पथेना गांव निवासी 45 वर्षीय ज्ञान सिंह पुत्र दामोदर जाट के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद, शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लिए खाद्य नमूने

खबरों की दुनिया



**भुसावर।** दीपावली त्यौहार पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर श्रीमती टी शुभ मंगला के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर महोदय तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन मैं महेश शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा दिनांक 14/10 /25 को भुसावर कस्बे में सतीश मिष्ठान भंडार ,रामनाथ मिष्ठान भंडार,रामनाथ राजेंद्र मिष्ठान भंडार ,कृष्णा डेयरी एवं मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई इस दौरान सभी फर्मों से क्रमश मावा ,गुलाब जामुन, रस कट ,तथा कलाकंद का नमूना लिया गया इस दौरान उनके यहां सफाई एवं शुद्धता से मिठाई बनाने के संबंध में निर्देशित किया गया साथ ही राजेंद्र प्रसाद एंड ब्रदर्स से एक सरसों के तेल का नमूना तथा नीरज किराना स्टोर से छुहारे का नमूना वास्ते जांच लिया गया सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला बजवाए जा रहे हैं जांच प्रणाम प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी निरीक्षण एवं नमूनीकरण को देखकर अन्य कई व्यापारियों में अफ़रा-तफ़री मच गई और कुछ लोगों ने अपनी दुकान बढ़ा दी इसलिए बाजार में मुख्य मुख्य जगह जाकर सभी व्यापारियों को साफ सुथरा एवं शुद्ध सामग्री बेचने के लिए सलाह व निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों को दुकान खोले रखने एवं भयभीत न होने की सलाह दी गई इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूप सिंह मौजूद रहे।

## नदबई पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का मुख्य बाजार में निकाला जुलूस, कोर्ट से आरोपी को जेल भेजा

खबरों की दुनिया

**नदबई।** सोशल मीडिया (फेसबुक) पर सीएम, पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह व सांसद संजना जाटव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामलें में पुलिस ने आरोपी श्याम बिहार मुहाना मंडी कॉलोनी निवासी फूलसिंह प्रजापत पुत्र पूरन सिंह प्रजापत को मुख्य बाजार में जुलूस निकालते हुए न्यायालय में पेश किया।

जहां से गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि, गिरफ्तार आरोपी ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर दबंग फूलसिंह प्रजापत भरतपुर एकाउंट से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद संजना जाटव व पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक जातिगत टिप्पणी की।

बाद में सांसद प्रतिनिधी ने की ओर से मामला दर्ज होने पर पुलिस सीओ अमर सिंह राठौड ने जांच पडताल कर आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया।

### विश्व दृष्टी दिवस पर विशेष 63 वृद्धजनों को रोशनी मिली

# सरपंच तारा पूनिया ने कहा आंखों की ज्योति दिलाना भी पून्य का काम है

खबरों की दुनिया






**नवलगढ़ ।** शारदा क्रोपकेम लिमिटेड बंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन द्वारा जिला अन्धता निवारण समिति झुन्झुनू के आर्थिक सहयोग, डॉ विमलेश आई केयर मेडिको सोसासटी तथा अलायन्स क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा आयोजित 222 वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में 234 रोगी लाभान्वित जांचकर 63 वृद्धजनों ने रोशनी पाकर खुशी जताई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाय सरपंच तारा पूनिया ने की। अध्यक्षता प्रांतपाल रामावतार सबलानिया विशिष्ट अतिथि पूर्व मल्टीपल सचिव पीरामल दायमा थे। मुख्य अतिथि बाय सरपंच तारा पूनिया ने लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई तथा बताया कि डॉ दयाशंकर जांगिड व उनकी टीम साधुवाद की पात्र है यह कार्य अद्धितीय अकल्पनीय अनुकरणीय है। अलायंस क्लब द्वारा नेत्र चिकित्सा के शिविर वरदान सिद्ध हो रहे है। शेखावाटी क्षेत्र मे सभी को ज्ञात है कि क्लब द्वारा 12 तारीख को आंखों का शिविर लगता है जिसमें दूर दूर से रोगी आते है। नेत्र ज्योति प्रदान करना एक पुण्य का कार्य है। शिविर संयोजक डॉ दयाशंकर जांगिड ने बताया कि हमारी संस्थाएं शेखावाटी मे मोतियाबिंद का उन्मूलन के लिए कृतसंकल्प है। विभिन्न ट्रस्टों व संस्थाओं से मिलकर 222 कैंप लगाए जा चुके है। करीब 33000 रोगियों ने आंखों की रोशनी पाई है। लाखों लोगो की जांच की गई। राजस्थान में लगातार चलने वाला यह एकमात्र शिविर है जिसकी ख्याति पूरे शेखावाटी व राजस्थान मे पहुंच चुकी यह शिविर रामप्रकाश बूबना के सौजन्य से लगातार 12 तारीख को लगाये जा रहे है। अंधता निवारण समिति का विशेष सहयोग रहता है। शुरू के शिविर सहाय होस्पीटल के माध्यम से लगाये। तत्पश्चात डॉ अविनाश पुरोहित की टीम सफलता पूर्वक शिविर मे सहयोग कर रही है।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## रोबोटिक्स क्लब ने किया शानदार प्रदर्शन



खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** एसकेआईटी कॉलेज के मैकेनिकल संकाय के मार्गदर्शन में रोबोटिक्स क्लब ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित INNOV8 Fest में क्लब की सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। टीम RCS ने मैकेनिकल संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर सुदेश गर्ग तथा बृजमोहन शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 का पुरस्कार जीता, वहीं टीम जायरो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया और 5,000 का पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर सभी छात्रों – सौरभ शर्मा, विवेक प्रजापत, भूपेश जांगिड़, अंशुमन पारीक, दक्ष अग्रवाल, क्लब सदस्यों और मार्गदर्शकों को संस्था निदेशक जयपाल मील द्वारा हार्दिक बधाई दी गई।

## 10 खान परिचालन में आने पर केन्द्र से राजस्थान को मिलेगा 300 करोड़ का इंसेटिवः सुधांश पंत



खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार गंभीर है। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा पर्यावरण अनुमति सहित आवश्यक अनुमतियां नियमानुसार प्राथमिकता से जारी की जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर केपिटल इंवेस्टमेंट योजना के तहत राज्य में इस वर्ष 10 मेजर मिनरल खानें परिचालन में आने पर राज्य को 300 करोड़ रु. का अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की इस योजना के साथ ही नीलाम खानों के शीघ्र परिचालन में आने से प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मुख्य सचिव पंत मंगलवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा पेंडिंग ईसी के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, खान, सेक, सीया और संबंधित स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला, ओरियंटेषन या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर ईसी से संबंधित एसओपी की जानकारी देते हुए सभी औपचारिकताओं के प्रति जागरुक किया जाए ताकि ईसी जारी करने में अनावश्यक देरी ना हो सके। उन्होंने वृक्षारोपण सहित खानधारकों के लिए जारी आवश्यक कानून कायदों की पालना सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने बजरी खानों की भी प्राथमिकता से ईसी जारी करने को कहा ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव वन व पर्यावरण के स्तर पर मासिक समीक्षा पर जोर दिया ताकि कार्य में गति आ सके।

आगामी दीपोत्सव के अवसर पर अग्निशमन शाखा की कार्रवाई

## 178 संस्थानों को मौके पर ही दिये नोटिस

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** नगर निगम ग्रेटर की अग्निशमन शाखा ने आगामी दीपोत्सव के अवसर पर किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इसके लिये अलर्ट मोड पर रहकर कार्य कर रही है। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश के बाद मंगलवार को सभी जोन की टीमों द्वारा अग्निसुरक्षा की दृष्टि से करीब 400 संस्थानों का सर्वे किया गया। जिसके अन्तर्गत मालवीय नगर जोन के 61 संस्थान, मानसरोवर जोन के 66, विद्याधर नगर जोन के 52, मुरलीपुरा जोन के 38, जगतपुरा जोन के 26, झोटवाडा जोन के 135 एवं सांगानेर जोन के 22 संस्थानों का सर्वे किया गया। जिसमें सर्वे के दौरान 400 में 212 संस्थान जिनमें अग्निशमन व्यवस्था सही नहीं पाई गई, फायर एनओसी नहीं पाई गई है। मात्र 188 संस्थानों के पास ही फायर एनओसी पाई गई तथा 178 संस्थानों को मौके पर ही नोटिस जारी किया गया। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि आगामी दीपोत्सव के अवसर पर किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इसके लिये अग्निशमन शाखा की टीमों द्वारा अग्निसुरक्षा की दृष्टि से सर्वे किया गया जिसमें सर्वे के दौरान 400 संस्थानों में से 188 संस्थान के पास फायर एनओसी पाई गई 178 संस्थानों को मौके पर ही नोटिस जारी किये गये है।

सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार कर रही राज्य सरकार

# सहकारी संस्थाओं में बढ़ेगी पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया



**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है। राज्य सरकार सहकारी समितियों को सशक्त कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा किसानों को बेहतर बाजार के अवसर सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नवीन को-ऑपरेटिव अधिनियम से सहकारिता आंदोलन और अधिक समावेशी बनेगा तथा सहकारी सोसायटियों में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता को बढ़ावा मिलेगा। शर्मा मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री कार्यालय पर नए को-ऑपरेटिव कोड के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के हित में सहकारी कानून को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए नवीन सहकारी कोड लाने जा रही है। इस संबंध में अधिकारियों ने महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल इत्यादि राज्यों के सहकारी कानूनों के प्रभावी प्रावधानों का समावेश नए सहकारिता कोड में किया है, जिससे सहकारी संस्थाएं सशक्त हो सके।

**सतत् विकास में सहकारी समितियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण—**

शर्मा ने कहा कि सतत् विकास में सहकारी समितियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश में सहकारिता को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए, ताकि लोगों को सशक्त होने के अधिक से अधिक अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इस नवीन को-ऑपरेटिव कोड में सहकारी समितियां अपने कार्यक्षेत्र के बाहर स्वयं की दुकानों अथवा आउटलेट खोलकर सीधे अपने उत्पाद बेच सकेगी। साथ ही, ऑडिट को मजबूत करने के लिए सोसायटी द्वारा समय पर ऑडिट रिपोर्ट को विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना होगा। जिससे आमजन को भी इसकी जानकारी समय से मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन को-ऑपरेटिव कोड में वे समस्त प्रावधान जोड़े जाएं, जिससे सहकारी समितियों को पारदर्शी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में नवीन को-ऑपरेटिव कोड में सहकारी सोसायटियों की परिभाषा को स्पष्ट करने, पंजीयन एवं उपनियम संशोधन की समय-सीमा घटाने, पात्र व्यक्तियों की सदस्यता सुनिश्चित करने, समितियों के प्रबंधन में अधिक से अधिक लोकतांत्रिक नेतृत्व को विकसित करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में विभिन्न क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने सहकारी समितियों के उपनियमों में संशोधन संबंधी सुझाव दिए। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नारी शक्ति की ताकत धरातल से लेकर आसमान तक है : मृणाल कुमार

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** जिला कलेक्टर डा. जीतेन्द्र कुमार सोनी( आई ए एस) की पहल पर सक्षम जयपुर उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग के आमेर मे आयोजित नारी चौपाल कार्यक्रम मे नारी चौपाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रशिक्षु आई ए एस मृणाल कुमार ने कही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान मे सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा के आतिथ्य मे विभिन्न तरह की गतिविधिया आयोजित हुई जिसमें महिलाओं के लिए जारी सरकारी योजनाओं कालिबाई भील योजना, लाडो प्रोत्साहन, पालनहार, गुड टच और बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन न, महिला गरिमा न जैसे विषयों के साथ ही बाल विवाह, बालिका शिक्षा दहेज़ प्रथा उन्मूलन जैसी समस्याओ को ,नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप निदेशक महिला अधिकारिता राजेश डोंगीवाल ने योजनाओं को बेहतर तरीके से समझ कर लोगो को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने की बात कही कार्यक्रम मे उपखण्ड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने उपखण्ड स्तर पर योजनाओं के लाभ लेने के लिए

हर समय निर्बाध रूप से तैयार रहने की बात कही उल्लेखनीय है जिले की सभी पंचायत समितियों मे होने वाले कार्यक्रम की कड़ी मे जालसु के बाद आमेर क्षेत्र के खोरा मीना मे कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर तहसीलदार सौरभ गुर्जर, विकास अधिकारी दीनबंधु सुरोलिया, महिला अधिकारिता ब्लॉक सुपरवाइजर अनीता चौधरी, सी डी पी ओ प्रियम्बिका पंवार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश, आर्या कॉलेज प्रचार्य अरुण आर्या,ग्राम पंचायत सरपंच राजेंद्र योगी,शंकरा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन प्राचार्या डा सुनीता जोशी, इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा, टीम इंचार्ज योगेंद्र सैन, टीम मेंबर अमन सिंह, उज्जवल मिश्रा,खोरा मीना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार जैन, सत्य अहिंसा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय डायरेक्टर कैलास चंद मीना मौजूद रहे। कार्यक्रम मे आर्या ग्रुप ऑफ़ कॉलेज का कॉलेज का विशेष सहयोग रहा।

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का 55वां स्थापना दिवस एवं साहित्योत्सव आज जयपुर में

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली का 55वां स्थापना दिवस एवं साहित्योत्सव बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय के जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. वाई. एस. रमेश ने बताया कि स्थापना दिवस एवं साहित्योत्सव के अवसर पर दिनभर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री, राजस्थान सरकार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी करेंगे। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि होंगे डॉ. गुलाब कोठारी, प्रधान सम्पादक, राजस्थान पत्रिका। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राव राजेन्द्र सिंह, सांसद जयपुर ग्रामीण, तथा स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व सांसद सीकर और प्रो. मदन मोहन झा, शैक्षणिक अधिष्ठाता (सीएसयू) उपस्थित रहेंगे।बीस अवसर पर डॉ. गुलाब कोठारी का विशिष्ट सम्मान एवं अभिनंदन भी किया जाएगा। जयपुर परिसर के सह-निदेशक प्रो. बोध कुमार झा ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनभर अनेक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित होंगी। प्रातः 8:00 बजे यज्ञ के शुभारंभ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके पश्चात 9:00 बजे पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं 9:30 बजे धर्माधिकरण (Moot Court) का उद्घाटन किया जाएगा। अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में साहित्योत्सव मंथन का आयोजन होगा, जिसमें सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष, अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में विकसित भारतम् विषय पर संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्कृत कवि काव्य-पाठ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृत ओलम्पियाड के विजेता चयनित विद्यार्थियों तथा कुलपति पुरस्कार योजना के तहत कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय की विभिन्न नई शैक्षणिक योजनाओं का शुभारंभ एवं को भवति बृहस्पति कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि स्वामी बालमुकुंदाचार्य, विधायक हवा महल। सारस्वत अतिथि डॉ. आर. एन. वत्स, संयुक्त महासचिव, अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. मोहन लाल छीपा, कार्यकारी परिषद सदस्य, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, उपस्थित रहेंगे।

## सर्व धोबी समाज राजस्थान ने दिया मानवता का परिचय

खबरों की दुनिया




**जयपुर ।** एसएमएस में लगी भीषण आग में जिन निर्दोष लोगों ने अपनी जान गँवाई – उनकी आत्मा की शांति के लिए सर्व धोबी समाज संस्था, राजस्थान ने संयुक्त मोर्चा धोबी समाज के सानिध्य में अमर जवान ज्योति सर्किल पर हमारी संवेदना, हमारी आवाज के तहत केंडल मार्च कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाज के अनेक बंधुओं ने एकजुट होकर, मानव जीवन की सुरक्षा और जवाबदेही से बड़ा कोई तंत्र नहीं सरकार और प्रशासन को यह संदेश दिया। सर्व धोबी समाज राजस्थान टीम हमेशा समाज हितार्थ कार्य करती रहेगी। इस मौके पर संयोजक गोपाल कंडावरिया, सहसंयोजक राहुल सांखला, प्रदेश लीगल अधिवक्ता पवन टांक, राजेश, दीपक, रोहित, सुनील कुमार, युवा प्रदेशाध्यक्ष रमेश भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज प्रकाश वर्मा, जयपुर जिला अध्यक्ष विजय कनौजिया, रोहित सांखला, संगठन मंत्री अनीश वर्मा, सोनू सुवालक्या एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रह कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिन्होंने अपना कीमती समय देकर समाज के इस संवेदनशील कार्यक्रम में सहभागिता निभाई उन सब का गोपाल कंडावरिया संयोजक ने हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## 30 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 07 केन्टर सामान जब्त

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी सब्जीमण्डी सहकार मार्ग, जेकेजे टोंक रोड़ पर, महाराणा प्रताप मार्केट, गिरधारीपुरा कच्चीबस्ती धावास, ए ब्लॉक वैशाली नगर, जेडीए मार्केट एफ ब्लॉक वैशाली नगर, अशोक वाटिका आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 30 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 07 केन्टर सामान जब्त किया गया।

## झुंझुनूं एकेडमी का वार्षिकोत्सव आज

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकडेमी का वार्षिकोत्सव 'सारंग' झुंझुनूं एकेडमी के डीएम मोदी ऑडिटोरियम में आज दोपहर दो बजे होगा। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, ज्वाइंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी उमेश जालान, उप-पंजीयक सहकारी समितियां विभा खेतान, महेश टीबड़ा अधीक्षण अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, डॉ. योगेश कुमार शर्मा प्रिंसिपल एकेडमिक एडवाइजर, गुरु काशी यूनिवर्सिटी बठिंडा, जयदीप झाझड़िया मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, राजेश कुमार मील जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं महेन्द्र सिंह जाखड़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी होंगे।

## अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में प्राइमरी एवं प्री-प्राइमरी कक्षाओं की रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन

खबरों की दुनिया





**जयपुर।** अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में प्राइमरी एवं प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विविध रोचक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने तकनीकी उपकरण, फैंसी ड्रेस, हेल्दी फूड, समुदाय सहायक तथा भारतीय नेताओं की भूमिका निभाकर उनके व्यक्तित्व और योगदान का प्रभावशाली वर्णन प्रस्तुत किया।

वहीं कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने ब्लॉक प्रिंटिंग तथा टाई एंड डाई की आकर्षक तकनीकों के माध्यम से सुंदर डिज़ाइन तैयार किए, जिससे उनकी रचनात्मकता और कौशल झलक उठा।

कार्यक्रम की निर्णायक पूजा सोनी, (कोऑर्डिनेटर, एम.जी.पी.एस. संस्कृति, विद्याधर नगर), डिंपल शर्मा पी.जी.टी. (मनोविज्ञान) एवं अल्पना शर्मा (संजय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान) रहीं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा, सृजनशीलता एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकगण ने भी विद्यार्थियों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना करते हुए आयोजन का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय की डायरेक्टर शीतल जूनीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि चाहे कोई बच्चा प्रथम आए या द्वितीय, या किसी भी स्थान पर रहे, हमें उनका उत्साहवर्धन करते रहना चाहिए और किसी को भी हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को नए पंख देकर ऊँची उड़ान भरने का अवसर दिया जाता है। इस प्रकार यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देने में अत्यंत सफल रहा।

## जाकिर अब्बासी का गीत झुर झुर रोव अंखियाँ.. आज होगा लॉच

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** संगीत संस्था बज़्म ए मौसिकी के गायक जाकिर अब्बासी का लिखा और गाया गीत झुर झुर रोवे अंखियाँ.. बुधवार सांय 5 बजे लॉच होगा। गायक जाकिर अब्बासी ने बताया कि बज्मे मौसिकी के फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर 15 अक्टूबर को सांय 5 बजे इस गीत को पब्लिक के लिए प्रसारित किया जाएगा। इस गीत में एक युवा के प्रेम विरह की भावना व्यक्त की गई है। गायक जाकिर ने जर्नलिस्ट संजय सैनी ने बताया कि बॉलीवुड में महिलाओं के प्रेम दुःख को प्राथमिकता से दिखाया जाता है। ऐसे में मैंने सोचा कि प्रेम में युवाओं के साथ भी धोखा होता है। तो मैंने युवाओं के दुःख को इसमें दर्शाया है। बज़्म ए मौसिकी के गायक जाकिर अब्बासी के इस गाने की धूम बॉम्बे बॉलीवुड तक पहुंच गई हैं। जाकिर के इस नए सॉन्ग की क्लिप देखकर बॉलीवुड गायक सुदेश भोंसले, भजन सम्राट अनूप जलोटा, संगीतकार दलीप सेन, एक्टर अली खान, क्राइम पेट्रोल के गुलशन पांडे, राजस्थान की स्वर कोकिला सीमा मिश्रा, राजस्थानी फिल्मों के हीरो शिरीष कुमार, एक्ट्रेस हुमा वारसी, गजल गायक उस्ताद जमील, जूनियर शारुखान, जूनियर गोविंदा, आईएएस रवि जैन आदि ने अपने वीडियो में बधाई संदेश भेजकर गायक जाकिर अब्बासी की हौसला अफजाई की है। लॉच से पहले गायक अब्बासी बज्मे मौसिकी के अध्यक्ष सरफराज खान, कोषाध्यक्ष मनवर दिवान, बज़्म ए मौसिकी के फाउंडर सदस्य बाबू भाई के साथ मीडिया से मिले।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## अजमेर में स्वदेशी मेला-प्रदर्शनी का उद्घाटन



### राष्ट्रीय आत्म निर्भरता के लिए स्वदेशी उत्पादों की प्राथमिकता आवश्यक : देवनानी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को अजमेर के खाटू श्याम मंदिर गार्डन में आयोजित स्वदेशी मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह आयोजन दीनदयाल मंडल के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उत्पादन और छोटे कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

देवनानी ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम स्थानीय रोजगार को सशक्त बनाने और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और स्थानीय व्यवसायों को समर्थन दें। इस मेला एवं प्रदर्शनी के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया, जो क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक साबित होगा।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित नदबई दौरे की तैयारियों का जायजा



### किसान सम्मान निधि की पहली किश्त 75 लाख किसानों के खातों में होगी ट्रांसफर

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शनिवार 18 अक्टूबर को भरतपुर जिले के नदबई में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सहकारिता मंत्री श्री गौतम दक ने मंगलवार को नदबई कृषि उपज मंडी में सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री ने सभा स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की सभा में आने वाले आमजन की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभा स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त होनी चाहिए ताकि कार्यक्रम सुचारू और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि नदबई में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के दौरान प्रदेश के लगभग 75 लाख किसानों के बैंक खातों में किसान सम्मान निधि की पहली किस्त सीधे ट्रांसफर की जाएगी। यह पहल राज्य सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आय को बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर महत्वपूर्ण है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। राज्य सरकार की यह पहल किसानों के कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगी।भरतपुर जिला कलक्टर कमर चौधरी ने सभा स्थल पर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना समय पर कराने की बात कही।

### विश्व पर्यटन सूचकांक में भारत टॉप टेन में हो शामिल, जीडीपी में मिले 10 प्रतिशत का योगदान

# भारत में वैश्विक पर्यटन अपेक्षाओं को पूरा करने की अपार संभावनाएं, जरूरत है तलाशने और तराशने की : शेखावत

### उदयपुर में वन स्टेट-वन ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन को लेकर राष्ट्रीय कांफ्रेन्स शुरू सभी राज्यों के पर्यटन मंत्रियों ने दिए प्रजेंटेशन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** झीलों और प्राकृतिक सौंदर्य से ओतप्रोत पर्यटन नगरी उदयपुर में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस का मंगलवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल तथा विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्रियों की उपस्थिति में होटल मेरिएट में भव्य शुभारम्भ हुआ। कॉन्फ्रेन्स में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वन स्टेट- वन ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन विजन की परिणिति के प्रारंभिक चरण में विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्रियों ने अपने-अपने क्षेत्र में ग्लोबल डेस्टिनेशन की संभावनाओं और प्रस्तावों पर प्रजेंटेशन दिए।

प्रारंभ में पर्यटन मंत्रालय की सचिव वी विद्यावती ने सभी आंगुतकों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में ग्लोबल डेस्टिनेशन के सभी तत्व मिलते हैं फिर भी यहां पर्यटन की अपेक्षित ग्रोथ के लिए कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए कार्य करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार गत दिनों हुई बैठक में देश में 50 नए ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित करने को लेकर सभी राज्यों से प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया था।

### उपमुख्यमंत्री ने कॉन्फ्रेन्स के लिए राजस्थान को चुनने पर जताया आभार

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कांफ्रेन्स के लिए राजस्थान को चुनने पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी आंगतुकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां हर किला महल अपनी कहानी कहता है, राजस्थान का गौरवपूर्ण इतिहास, विविध रंगों से परिपूर्ण विरासत, कला एवं संस्कृति समूचे विश्व में अपनी अनूठी पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से पूरी दुनिया में एक आइकोनिक डेस्टिनेशन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का विजन दिया है और इस और नियमित मार्गदर्शन कर रहें हैं। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान को दुनिया में लीडिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत राजस्थान से ही हैं और उनका हमें होम स्टेट होने के कारण राजस्थान को निश्चित ही लाभ रहता है।




### पर्यटन विकास में शुरू हुई स्वस्थ स्पर्धा लक्ष्य प्राप्ति की शुरूआत है

कॉन्फ्रेन्स के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि उदयपुर एक मनमोहक डेस्टिनेशन तो है ही इसके साथ ही उदयपुर भारत देश की एक महान ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि पहले पर्यटन को लेकर अपेक्षित प्रयास नहीं होते थे, लेकिन अब देश के विभिन्न राज्यों में पर्यटन विकास के लिए स्वस्थ स्पर्धा सी है, जो वैश्विक पर्यटन की अपेक्षाओं को पूरा करने के लक्ष्य की प्राप्ति की शुरूआत कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप नवाचार के रूप में प्रत्येक राज्य में कम से कम एक ग्लोबल पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत कोविड के बाद पर्यटन क्षेत्र को दोबारा खड़ा करने के लिए बढ़ावा देने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। वर्ष 2024 में भारत में 2 करोड़ विदेशी पर्यटक आए, वहीं देशी पर्यटकों का मुवमेंट भी बहुत तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैश्विक पर्यटन सूचकांक डब्ल्यूटीआई में भारत 39वें नंबर है। डब्ल्यूटीआई के पैरामीटर्स में 18-20 प्रतिशत केंद्र सरकार के स्तर के हैं, शेष राज्यों पर आधारित हैं। ऐसे में राज्यों को विशेष गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य डब्ल्यूटीओ में टॉप टेन देशों में जगह बनाना है। साथ ही जीडीपी में पर्यटन के योगदान को भी 5-6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित करने होंगे, ताकि विदेशी पर्यटकों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय पर्यटकों का विदेशों की ओर रूख भी बढ़ा है। इसलिए पर्यटन के क्षेत्र में समग्र कार्य करते हुए देशी पर्यटकों को भी पहले अपना देश घूमें-फिर विदेश घूमें की अवधारणा की ओर मोड़ने की भी जरूरत है।

### मेवाड़ पर पुरखों और प्रकृति का आशीर्वाद : कटारिया

पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर में कॉन्फ्रेन्स आयोजित किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेवाड़ पर पुरखों और प्रकृति का आशीर्वाद है। यहां का अपना गौरव पूर्ण इतिहास है। स्वाधीनता और स्वतंत्रता के लिए इस क्षेत्र ने संघर्ष किया है। प्रकृति ने यहां झीलें और हरे-भरे पहाड़ दिए। धार्मिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कांफ्रेन्स में भाग लेने आए सभी पर्यटन मंत्रियों, अधिकारियों से उदयपुर और उसके आसपास के डेस्टिनेशन का भ्रमण करने का आग्रह किया। साथ ही पर्यटन विकास की संभावनाओं पर सुझाव भी आमंत्रित किए।

### राजस्थान की प्रस्तुति में बही शौर्य, संस्कृति और आध्यात्म की त्रिवेणी

राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस के पहले दिन विभिन्न सत्रों में राजस्थान पर्यटन सहित विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों ने अपने प्रस्तुतिकरण दिए। इसमें उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तावित किए गए स्थलों की संपूर्ण जानकारी, उनकी कनेक्टिविटी, प्रस्तावित विकास कार्य, अपेक्षित परिणाम आदि के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी।

इसी क्रम में राजस्थान की ओर से पर्यटन सचिव राजेश यादव एवं राजस्थान पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने शौर्य, संस्कृति और आध्यात्म की त्रिवेणी के रूप में क्रमशः महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट उदयपुर, जैसलमेर और पुष्कर तीन स्थानों को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तुतिकरण दिया।

## 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में कोई कसर नहीं छोड़ें अधिकारी' : केसर लाल

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीणा ने अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत अवसंरचना के विकास हेतु भारत सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का राज्य में जिला परिषदों के माध्यम से क्रियान्वयन की समीक्षा की।

मीणा ने मंगलवार को मुख्यालय से वीसी के जरिए अधिकारियों से संवाद किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। सभी अधिकारीगण पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ें। इस दौरान संबल ग्राम योजना, बाबा साहब आंबेडकर आदर्श ग्राम योजना, ग्रामीण सेवा शिविर, शहरी सेवा शिविर, छात्रवृति प्रकरण, पालनहार योजना, कन्यादान योजना सहित कई प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पी.एम.ए.जी.वाई.) अन्तर्गत जिला परिषद् (ग्रा.वि.प्र.) स्तर पर एस.एन.ए. खाते में उपलब्ध राशि का पूर्ण उपयोग कर शेष उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाए जाने,



पी.एम.ए.जी.वाई. योजनान्तर्गत संबंधित जिला परिषद (ग्रा.वि.प्र.) को पीडी खाते में हस्तान्तरित राशि का पूर्ण उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाए जाना अथवा राज्य स्तर पर संचालित सिंगल नोडल अकाउंट में जमा या समर्पित करने, पी.एम.ए.जी.वाई. अन्तर्गत नव चयनित ग्रामों की ड्राफ्ट ग्राम विकास योजना (वी.डी.पी.) तैयार किया जाना तथा सभी ड्राफ्ट वी.डी.पी. को पी.एम.ए.जी.वाई. जिला अभिसरण समिति से अनुमोदन उपरान्त फाइनल या अद्यतित वी.डी.पी. को पी.एम.ए.जी.वाई. पोर्टल पर अपलोड या लॉक किए जाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान योजनान्तर्गत अप्रारम्भ एवं प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाकर कार्यों की प्रगति पोर्टल पर अपडेट किया जाने, योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में से 70 या 70 से अधिक अर्जित विलेज स्कोर वाले ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित किये जाने के प्रस्ताव पी.एम.ए.जी.वाई. पोर्टल के माध्यम से विभाग को भिजवाए जाने, योजना की समयबद्ध प्रगति तथा प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु ग्राम जिला कलक्टर की अध्यक्षता में पी.एम.ए.जी.वाई. जिला अभि. नियमित रूप से बैठक आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक एस आर मीणा ने भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान डूंगरपुर जिले के अतिरिक्त सभी जिलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी या उनके प्रतिनिधि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सभी जिलाधिकारी, अधिशाषी अभियंता, जिला परिषद (ग्राविप्र), संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारी, जिला परिषदों में योजना से संबंधित कार्मिक एवं लेखा कार्मिक ऑनलाइन जुड़े।

### दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु 18 अक्टूबर से शुरू होगा ऑनलाइन पंजीयन

**जयपुर।** मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए राज्य में 18 अक्टूबर से ऑनलाइन पंजीयन होगा। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि किसान अपने जन आधार कार्ड एवं ऑनलाइन गिरदावरी से ई-मित्र के माध्यम से पंजीकरण करवा सकता है। श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिले में मूंग खरीद हेतु ऑनलाइन पंजीकरण 27 सितम्बर से ही प्रारम्भ कर दिये गए थे। दक ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा मूंग का समर्थन मूल्य 8,768 रुपये, उड़द का 7,800 रुपये, मूंगफली का 7,263 रुपये एवं सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5,328 रुपये प्रति क्विंटल एफ.ए.क्यू. श्रेणी घोषित किया गया है। समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीद हेतु पीएसएस गाइडलाइन के अनुसार केन्द्र सरकार को अंडरटेकिंग भिजवाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। केन्द्र सरकार से खरीफ-2025 के अंतर्गत दलहन-तिलहन की खरीद हेतु जिन्सवार लक्ष्य प्राप्त होने के साथ ही खरीद प्रारम्भ कर दी जाएगी। खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के लिए राजफेड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## दीपावली के अवसर पर सीएनजी स्टेशनों पर होगी सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना



### आरएसजीएल ने जारी किया टोलफ्री नंबर 18001806135

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने राजस्थान स्टेट गैस के कोटा, नीमराणा और कूकस में संचालित सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए है। उन्होंने आमनागरिकों से भी आग्रह किया है कि पटाखें आदि ज्वलनशील उत्पाद चलाते समय गैस पाइपलाइन से दूरी बनाये रखने के साथ ही गैस रिसाव या इस तरह की अनहोनी घटना की स्थिति में तत्काल टोलफ्री नंबर 18001806135 पर सूचित करने का कष्ट करें।

एमडी रणवीर सिंह मंगलवार को राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों व कार्मिकों से दीपावली त्यौहार पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने को लेकर वर्चुअली संवाद कायम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएनजी स्टेशनों पर आने वाले उपभोक्ताओं को भी सुरक्षा मानकों के प्रति सचेत करने की और पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएनजी स्टेशनों आदि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने और स्टेशनों पर कंप्रेसर जैसे क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने को कहा।

डीजीएम सीएनपी विवेक श्रीवास्तव व डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन ने डीपीएनजी व सीएनजी एरिया में लिक डिटेक्शन टेस्ट कराने को कहा।

कोटा डीजीएम ओएण्डएम सीपी चौधरी और डीजीएम प्रोजेक्ट आनन्द आर्य ने विस्तार से सुरक्षा मानकों की पालना के संबंध में तैयारियों की जानकारी दी। नीमराणा मैनेजर अतुल शुक्ला ने भी कहा कि सुरक्षा मानकों की शतप्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाएगी।

अभिनव पहल

# प्रदेश के माटी कलाकारों को वर्षभर मिलेगा रोजगार, दोगुनी होगी आय



### प्रदेश में पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का होगा आयोजन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रदेश में माटी कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में श्रीयादे माटी कला बोर्ड आगामी दिनों में अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को क्रियान्वित करेगा। जिससे माटी कलाकारों को केवल सीजनल ही नहीं बल्कि वर्षपर्यंत रोजगार उपलब्ध होने के साथ उनकी आय भी बढ़ सकें एवं उनके बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वाबलंबी बन सकें। इस दिशा में बोर्ड मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार माटी कलाकारों को उचित प्रशिक्षण देकर अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनें उपलब्ध करवा रहा है। यह बात बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने उद्योग भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी से बने उत्पादों के निर्माण में राजीविका के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में बोर्ड प्रयासरत है एवं जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही मिट्टी के उत्पादों को प्रदेश के खादी भंडारों पर बिक्री के लिए मुहैया करवाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। श्री टाक ने रेलवे स्टेशनों पर मिट्टी के कुल्हड़ में चाय बेचने की पहल पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इसी तर्ज पर प्रदेश के समस्त बस स्टैण्ड पर भी कुल्हड़ के उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा।

सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए टाक ने दीपावली के मद्देनजर सभी जिला कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों को माटी कलाकारों को सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के उत्पाद बेचने में सहयोग प्रदान करने हेतु पत्र भेजा है।

#### माटी का लाल पुरस्कार समारोह

राजस्थान की उत्कृष्ट संस्कृति को माटी कला के द्वारा पूरे देश व विश्व में ख्याति दिलाने के लिए माटी कलाकारों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए श्रीयादे माटी कला बोर्ड पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित करेगा। जिसके तहत प्रत्येक जिले से दो श्रेष्ठ माटी कलाकारों का चयन कर उनमें से राज्य स्तर पर प्रथम, दितीय व तृतीय एवं सात सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार हेतु आगामी नवंबर में प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएंगी, जिनमें से चयनित को दिसंबर माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

#### ट्रेनर्स के एक और बैच का होगा प्रशिक्षण

राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 में इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों के लिए चयनित मिट्टी कामगारों की दक्षता वृद्धि के लिए श्रीयादे माटी कला बोर्ड ट्रेनर्स को भी उचित प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में 25 ट्रेनर्स के एक और बैच को दीपावली के बाद उत्तर प्रदेश के खुर्जा में सात दिवसीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इससे पूर्व बोर्ड द्वारा 15 से 21 सितंबर तक खुर्जा स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरेमिक्स रिसर्च इंस्टीटयूट (सीजीसीआरआई) में टेराकोटा पॉटरी प्रशिक्षण हेतु ट्रेनर्स का दल भेजा गया था।

#### अब तक एक हजार से अधिक मशीनों का हुआ वितरण

बोर्ड अध्यक्ष टाक ने प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति में इस साल प्रदेश के 21 जिलों में चयनित एक हजार से अधिक कामगारों को प्रशिक्षण उपरांत मिट्टी गूंथने की मशीन व इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दिसंबर तक 2 हजार मशीनों के वितरण लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए शेष जिलों में चयन, प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम जारी है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालय:** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123